हरिभूमि
रायपुर भूमि

पटरी पर दौड़ीं खुशियां...9 साल बाद गूंजा ट्रेन का शोर, सफर का लुत्फ उठाने 20 गांवों से पहुंची भीड़

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अभनपुर-रायपुर मेमू स्पेशल सेवा का किया शुभारंभ
- हरिभूमि टीम ने अभनपुर से रायपुर तक किया ट्रेन का सफर, यात्रियों ने कहा- अब ट्रेन से ही जाएंगे रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

अभनपुर से रायपुर के बीच 9 साल बाद ट्रेन का परिचालन शुरू होने से रविवार को नगरवासियों के चेहरे पर भी खुशी की लहर दौड़ गई। यह पल बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए एक खास उत्सव बन गया। 1 मई 2017 को जब छोटी रेललाइन के पहिए थम गए थे तो ट्रेन यात्रा की खुशी भी खत्म हो गई थी, लेकिन अब एक बार फिर से ट्रेन के चलने से यह खुशी पुरानी यादों के साथ लौट आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोपहर 4 बजे मोहभट्टा, बिलासपुर कार्यक्रम स्थल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर अभनपुर-रायपुर मेमू स्पेशल सेवा का शुभारंभ किया। इस सफर का हिस्सा बनने हरिभूमि टीम भी ट्रेन में सवार हुई। पहले दिन ट्रेन में सफर करने राजिम, धमतरी और 20 से ज्यादा गांवों से 800 से अधिक यात्री अभनपुर स्टेशन पहुंचे और रायपुर तक का सफर तय किया। ट्रेन में लगभग 1000 यात्री थे। ट्रेन में सफर करने का उत्साह इतना था कि यात्री 12 बजे से ही स्टेशन पहुंच गए थे। चार घंटे तक ▶▶|शेष पेज 13 पर

पहले दिन सफर करने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक दिखा भारी उत्साह

80 की रफ्तार से रायपुर पहुंची ट्रेन

अभनपुर से रायपुर तक का सफर ट्रेन में महज 1 घंटे 10 मिनट में तय किया गया। इस दौरान ट्रेन की रफ्तार 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच रही। ट्रेन पहले अभनपुर के बाद केंद्री स्टेशन पहुंची, जहां दो मिनट का स्टॉपेज रहा और फिर सीधे सीबीडी स्टेशन के लिए रवाना हो गई। इसके बाद ट्रेन मंदिर हसौद होते हुए रायपुर पहुंची। इस दौरान रायपुर से भी कई यात्रियों ने अभनपुर का सफर तय किया। पहले सफर को खास बनाने के लिए रेलवे ने ट्रेन में पानी और नाश्ते की व्यवस्था की थी। यात्रियों ने आधुनिक सुविधाओं का आनंद लिया और अपनों के साथ 2 घंटे 30 मिनट में अभनपुर से रायपुर और फिर अभनपुर तक ट्रेन में सफर किया।

बचपन की यादें हो गईं ताज़ा

1900 के दौर में छोटी रेललाइन पर सफर करने वाले यात्रियों ने भी नई ट्रेन का आनंद लिया। 65 साल के बलदाऊ ठाकुर ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि 9 साल पहले वे केवल 5 रुपए में अभनपुर से रायपुर ट्रेन से गए थे। ट्रेन से जुड़ी हुईं कई पुरानी यादें हैं, जो आज एक बार फिर से ताजा हो गईं। बलदाऊ ने अपने नाती-पोते और दोस्तों के साथ ट्रेन में सफर किया। उन्होंने कहा, 9 साल में ट्रेन की लंबाई, स्टेशन और पूरी व्यवस्था बदल गई है। नई पीढ़ी के लिए यह ट्रेन अब एक नई यादगार यात्रा साबित होगी।

ट्रेन से जुड़ा था रोजगार

नई ट्रेन में सफर करने के लिए बच्चे, युवा और बुजुर्गों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भी नई ट्रेन में सफर किया। यात्री एमआर साहू ने बताया कि पुराने रेलवे स्टेशन से कई लोगों का रोजगार भी जुड़ा हुआ था, क्योंकि वे काम के लिए ट्रेन से रायपुर जाते थे। ट्रेन बंद होने के बाद 9 साल तक बस से सफर करना पड़ा, लेकिन अब फिर से ट्रेन में सफर करने का अवसर मिला है। अभनपुर से रायपुर जाना अब पहले की तरह आसान हो गया है। अभनपुर से आज भी 200 से अधिक यात्री अपने कामकाज के सिलसिले में रोजाना बस से रायपुर आते हैं।

नवरात्रि विशेष

द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

तय एजेंसी कर रही कूलर सुधारने का काम, तब तक पंखे ही मरीजों का सहारा

'आंबेडकर' के मरीज 39 डिग्री में उबल रहे पंखे से नहीं मिल रही राहत, कूलर अभी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीज 38-39 डिग्री गर्मी झेलते हुए इलाज करा रहे हैं। इन वार्डों में कूलर तो लगे हैं, जिनके मेंटेनेंस के बाद शुरू होने का इंतजार है। तय एजेंसी बिगड़े कूलरों को सुधारने में लगी हुई है, तब तक मरीजों का एकमात्र सहारा गर्म हवा फेंकने वाले कूलर हैं। यहां मरीजों को राहत देने के लिए चार सौ कूलरों की व्यवस्था है, इनमें कई सालभर उचित रखरखाव न होने की वजह से खराब हो चुके हैं, जिन्हें बदलने का काम भी चल रहा है।

अस्पताल प्रबंधन ने कूलरों के रखरखाव के लिए एजेंसी तय की है, जिनके द्वारा बिगड़े कूलरों को बनाने और बाकी के मेंटेनेंस का काम पूरा किया जा रहा है। कूलरों की संख्या ज्यादा होने की वजह से इसके रखरखाव और शुरू होने में काफी वक्त लगने की संभावना है। शहर का पारा अभी 40 डिग्री के पार हो चुका है और वार्डों के भीतर का पारा एक से दो डिग्री कम है, क्योंकि वहां चल रहे पंखे तापमान को थोड़ा ही कम कर पा रहे हैं। कुछ वार्डों में पुराने कूलर बिगड़े पड़े हैं, जिन्हें सुधारने का इंतजार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक अस्पताल के वार्डों में करीब चार सौ कूलर लगे हुए हैं, ▶▶|शेष पेज 13 पर

चार सौ कूलरों का रखरखाव, जो पूरी तरह खराब उन्हें बदलने का चल रहा काम

वार्डों के बजाय गैलरी में भीड़

दोपहर होने के बाद अस्पताल के भूतल से लेकर ऊपरी मंजिल तक की गैलरी में लोगों की भीड़ बढ़ जाती है। सूत्रों के बताया कि वार्डों की तुलना में गैलरी में खुली हवा मिलने की वजह से गर्मी का अहसास कम होता है। दोपहर होने के बाद परिजनों के साथ कई मरीज भी बाहर आकर सुकून से समय बिताते हैं। वार्डों की तुलना में बाहर गैलरी का वातावरण ठंडक लिए हुए होता है।

कूलरों का पानी बड़ी चुनौती

अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि देर-सबेर मेंटेनेंस के बाद कूलर शुरू कर दिए जाएंगे, मगर इसमें पानी भरने की समस्या बड़ी चुनौती बनकर उभरेगी। अप्रैल-मई की गर्मी के दौरान बिना पानी के कूलर चलाना मुश्किल होगा, इसलिए इन कूलरों में पानी भरने के लिए सुरक्षा जवानों अथवा दूसरे कर्मचारियों की ड्यूटी लगनी पड़ेगी। पिछले साल पानी की पर्याप्त व्यवस्था न होने की वजह से कई कूलर बंद पड़े थे।

पानी की समस्या नहीं, दो दर्जन वाटर कूलर यहां

13 सौ बेड की क्षमता वाले अस्पताल में मरीजों की प्यास बुझाने के लिए दो दर्जन वाटर कूलर लगाए गए हैं। आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हर फ्लोर पर तीन से चार वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। इन वाटर कूलर से ठंडा पानी मिल रहा है और वहां मरीजों ने फिलहाल पानी मिलने में किसी तरह की समस्या से इंकार किया है।

प्लाईवुड कंपनी में लगी आग, छह घंटे मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग पर काबू पाने आधा दर्जन से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। वहां मौजूद मजदूरों के अनुसार, आग शार्ट सर्किट से लगी। आग से प्लाईवुड फैक्ट्री में कितना नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है। रविवार शाम 6 बजे के करीब आग लगने की घटना हुई है। फायर ब्रिगेड की टीम देर रात तक आग पर काबू पाने की मशक्कत करती रही। मौके पर फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस की टीम राहत ▶▶|शेष पेज 13 पर

- आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

अवकाश होने से बड़ी घटना टली

पुलिस के मुताबिक, फैक्ट्री में देर शाम तक मजदूर काम करते हैं। रविवार अवकाश होने की वजह से सुबह के समय कम मजदूर ही काम करने के लिए आए थे, इनमें से कुछ दोपहर बाद चले गए। घटना के समय फैक्ट्री में कुछेक मजदूर थे, जिनके सामने ही शार्ट सर्किट से आग लगी। जहां प्लाईवुड फैक्ट्री है, वहां कोई रिहायशी मकान नहीं है। साथ ही फैक्ट्री आउटर में है, इस वजह से आगजनी से हुए नुकसान को छोड़ अन्य किसी तरह की हानि नहीं हुई है।

खबर संक्षेप

सीएएफ जवान के घर धावा, डेढ़ लाख की चोरी

रायपुर। विधानसभा थाने में सीएएफ के हेड कांस्टेबल ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी सहित डेढ़ लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सकरी स्पर्श लाइफ सिटी निवासी पुरुषोत्तम साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुरुषोत्तम ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार को लेने शनिवार को जांजगीर-चांपा, खरौद गए थे। सुबह वापस आने पर देखा कि कोई अज्ञात चोर उसके घर के दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखी आलमारी से जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गया है।

नशे का सौदागर पकड़ा गया, टेबलेट जब्त

रायपुर। दवाओं की बिक्री नशेड़ियों को करने वाले एक और बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिविल लाइंस पुलिस को सूचना मिली थी कि तरुण नगर में रहने वाला इरशाद खान नशेड़ियों को दवा उपलब्ध कराता है। छापामार तरीके से इरशाद को गिरफ्तार किया गया और उसके पास के प्रतिबंधित 136 टेबलेट बरामद किया है। इसके अलावा उससे एक मोबाइल भी बरामद किया गया है, जिससे अन्य लोगों का लिंक तलाशा जा रहा है। आरोपी पुराना बदमाश है और उनके खिलाफ कुछ साल पहले 22 नारकोटिक्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

छुट्टी के दिन भी देर शाम तक खुले जोन दफ्तर, टैक्स जमा करने का आखिरी मौका आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में संपत्ति कर सहित अन्य कर भुगतान के लिए राजधानी के 10 जोन दफ्तर के काउंटर रविवार को अवकाश के दिन खुले रहे। 31 मार्च को शासकीय अवकाश के दिन भी आम जनता की सुविधा के लिए सभी जोन दफ्तर के काउंटर खुले रहेंगे। करदाताओं के लिए बिना किसी सरचार्ज के टैक्स जमा करने का ये आखिरी मौका है। 1 अप्रैल से कर जमा करने पर नियमानुसार 17 फीसदी पेनाल्टी करदाताओं को देनी होगी।

दरअसल संपत्ति कर भुगतान की सुविधा के लिए 31 मार्च को ईद की छुट्टी के दिन भी 70 वार्डों के करदाताओं की सुविधा के लिए कर भुगतान की सुविधा सभी जोन में देने का फैसला नगर निगम ने लिया है। उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा ने बताया कि 31 मार्च को करदाता संबंधित जोन ▶▶|शेष पेज 13 पर

1 अप्रैल से लगेगी पेनाल्टी

- 300 करोड़ का टार्गेट पूरा करने में छूटा पसीना

ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी

संपत्ति कर भुगतान के लिए नगर निगम ने करदाताओं को कई विकल्प उपलब्ध कराए हैं। ऑनलाइन टैक्स जमा करने मोर रायपुर एप और बेवसाइट पर भी यह सुविधा दी गई है। इसके अलावा क्यूआर कोड, डेबिट-क्रेडिट कार्ड से भुगतान किया जा सकता है। इस व्यवस्था में करदाता को भुगतान की रसीद भी ऑनलाइन मिल रही है। च्वाइस सेंटरों में अपनी सुविधा अनुसार करदाता बकाया करों का भुगतान पास के च्वाइस सेंटर में कर सकते हैं।

डिजिटल नंबर प्लेट में लगे क्यूआर कोड से भुगतान

शहर में नगर निगम ने 10 जोन के 70 वार्डों में लोगों के घरों के सामने डिजिटल नंबर प्लेट लगाई है। इसमें छपे क्यूआर कोड को स्कैन कर करदाता अपने संपत्ति कर का भुगतान आसानी से कर सकते हैं।

पूर्व सीएम के ओएसडी को सीबीआई ने पूछताछ के लिए किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/भिलाई

महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई ने छापे की कार्रवाई करने के बाद पूछताछ का सिलसिला शुरू कर दिया है। शनिवार देर शाम सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री आशीष वर्मा के निवास पर दबिश दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी के निवास से संपत्ति संबंधित तथा अन्य दस्तावेज साथ लाने के बाद उसे रविवार को पूछताछ के लिए सीबीआई दफ्तर तलब किए जाने की चर्चा है। इसी तरह अफसरों को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। महादेव सट्टा एप को लेकर सीबीआई ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सट्टा एप से जुड़े ▶▶|शेष पेज 13 पर

- शनिवार को आशीष वर्मा के निवास पर सीबीआई ने दी थी दबिश

दुर्ग का कारोबारी फर्जी चालान पेश कर आईटीसी का ले रहा था लाभ

पत्नी के नाम पर फर्म खोलकर 10 करोड़ की जीएसटी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल जीएसटी की टीम ने दुर्ग के एक कारोबारी को 10 करोड़ 38 लाख 83 हजार रुपए टैक्स चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कारोबारी पर आरोप है कि वह अपनी पत्नी के नाम पर फर्म खोल फर्जी चालान पेश कर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ ले रहा था। कारोबारी पर यह भी आरोप है कि उसने टैक्स जमा करने से बचने एक और फर्जी कंपनी खोलकर टैक्स चोरी की।

सेंट्रल जीएसटी की टीम ने टैक्स चोरी करने के आरोप में विनय कुमार टंडन को गिरफ्तार किया है। विनय अपनी पत्नी के नाम से ओविया ट्रेडर्स नामक फर्म का संचालन कर रहा था। टैक्स चोरी के मामले में चालान का मूल्य 70 करोड़ रुपए है। सेंट्रल जीएसटी की टीम ने कारोबारी को बिना माल या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी चालान के माध्यम से आईटीसी का लाभ उठाते हुए और उसे पास करते हुए पाया। इस वजह से कारोबारी की गिरफ्तारी की गई। उक्त कार्रवाई सेंट्रल जीएसटी के प्रधान आयुक्त राकेश गोयल के दिशा-निर्देश में की गई।

इस तरह की टैक्स चोरी

सेंट्रल जीएसटी की टीम ने कारोबारी के व्यापार के बारे में खुफिया जानकारी एकत्रित कर लेन-देन का डेटा एनॉलिटिक्स की पड़ताल की, जिसमें आपूर्तिकर्ताओं के बैंक स्टेटमेंट और करदाता के ई-वे बिल डेटा और अन्य वित्तीय लेनदेन की जांच करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि आरोपी फर्जी बिल के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने और उसे पास कराने में लिप्त था। साथ ही करदाता की आगे की जांच से यह भी पता चला कि कारोबारी के पास पहले से ही अपने नाम पर जीएसटी पंजीकरण था, जहां उसे 1 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान करना था, जिसका कभी भुगतान नहीं किया गया और बकाया राशि का भुगतान करने के बजाय आरोपी ने धोखाधड़ी करने के लिए अपनी पत्नी के नाम पर एक और जीएसटी पंजीकरण कराया।

बेंगलुरु शिफ्ट होने से पहले बैग कूड़े के ढेर में फेंक दिया

ई-मेल के माध्यम से जापानी महिला को बैग मिलने की दी सूचना

जापानी महिला का बैग चार माह पहले दिल्ली एयरपोर्ट से उठा लाया था रायपुर का युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र स्थित प्रोफेसर कॉलोनी में मिले जापानी महिला के बैग का मामला सुलझा लेने का दावा पुलिस ने किया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से कूड़े के ढेर में बैग फेंकने वाले युवक की पहचान कर उससे संपर्क किया। संपर्क करने पर युवक के बेंगलुरु में होने की जानकारी मिली। युवक को पूछताछ के लिए पुलिस ने थाने तलब किया है। जिस युवक ने बैग कूड़े के ढेर में फेंका था, उसे वह बैग एयरपोर्ट टर्मिनल से फ्लाइट तक छोड़ने जाने वाली बस में लावारिस हालत में मिला था।

पुलिस के अनुसार, नितिश अग्रवाल को बस में लावारिस हालत में बैग मिला था। पुलिस ने नितिश से संपर्क किया तो उसने पुलिस ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि फॉलोअप

कानूनी पचड़े में फंसने के डर से नहीं दी जानकारी

नितिश ने पुलिस को फोन के माध्यम से जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक, बैग में पासपोर्ट, वीजा होने की वजह से डर गया और उसे लगा कि किसी अज्ञात का पासपोर्ट, वीजा उसके पास से मिलने की वजह से पुलिस उसे परेशान कर सकती है। साथ ही नितिश ने कानूनी पचड़े में फंसने की डर से जानकारी पुलिस को नहीं दी और बैग रायपुर ले आया। बेंगलुरु शिफ्ट होने के पूर्व नितिश ने बैग कूड़े के ढेर में फेंक दिया। नितिश बेंगलुरु में किसी सॉफ्टवेयर कंपनी में नौकरी करता है, जिसका महीने के पैकेज डेढ़ लाख रुपए के करीब है। नितिश के पिता एसबीआई के सेवानिवृत्त एजीएम हैं।

ईद-उल-फ़ितर की दिली मुबारकबाद!

ईद उल-फितर – खुशियों, एकता और राष्ट्रीय सद्भावना का संदेश

लेखिका: जुबेरिया बिन्त शाकीर

ईद उल-फितर, जो पवित्र रमजान महीने के अंत का प्रतीक है, जब आध्यात्मिक प्रार्थनाओं के माध्यम से अल्लाह का शुक्र अदा किया जाता है, केवल मुसलमानों के लिए खुशियों और आभार का त्योहार नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता के लिए प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश भी लाता है। रमजान के दौरान सीखे गए त्याग, धैर्य और उदारता के सबक को हमें अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। यह अवसर हमारे समाज, राष्ट्र और उन सभी नागरिकों के प्रति आभार प्रकट करने का भी है, जो राष्ट्रीय एकता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में योगदान देते हैं।

हमारे राष्ट्र के नागरिकों के लिए एक संदेश:

हमारे कई साथी नागरिक हमेशा न्याय, शांति और भाईचारे का समर्थन करते आए हैं। वे देश में एकता और सद्भाव को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं और मुसलमानों के बारे में फैलाई गई गलतफहमियों को दूर करने में मदद करते हैं। हम ऐसे सभी लोगों को दिल की गहराइयों से ईद की मुबारकबाद देते हैं और प्रार्थना करते हैं कि हमारे बीच परस्पर सम्मान और समझ का रिश्ता और अधिक मजबूत हो। ईद के अवसर पर समाज के गरीब और वंचित तबके के लोग भी इस खुशी में शामिल होते हैं।

राष्ट्र के लिए एक सामूहिक अपील:

दुर्भाग्यवश, हमारे देश में कुछ तत्व भाईचारे को नुकसान पहुँचाने और विभिन्न समुदायों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश करते हैं। मुसलमानों के खिलाफ फैलाई जा रही अनावश्यक नफरत और गलतफहमियां न केवल हमारी क़ौम के लिए बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए हानिकारक हैं। ऐसे समय में वे साथी नागरिक जो सत्य और न्याय की आवाज़ बुलंद कर रहे हैं, वे वास्तव में हमारे देश की अखंडता और विकास के सच्चे रक्षक हैं।

ईद के इस पावन अवसर पर, हम सभी न्यायप्रिय और शांति-प्रिय नागरिकों से अपील करते हैं कि वे सच्चाई और इंसाफ़ के समर्थन में खड़े रहें और किसी भी समुदाय के खिलाफ होने वाले अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाएँ। यदि हम सब मिलकर इस नफरत की दीवार को तोड़ने में सफल हो गए, तो हमारा देश और अधिक सशक्त होगा और वास्तविक रूप से समृद्ध बनेगा।

एक शांतिपूर्ण और समान समाज की स्थापना:

ईद हमें सिखाती है कि खुशियाँ बांटने से बढ़ती हैं। यदि हम अपने साथी नागरिकों के साथ प्रेम, सद्भाव और न्याय के सिद्धांतों का पालन करें, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे बीच की गलतफहमियाँ पूरी तरह समाप्त हो जाएँगी। हमें एक ऐसा माहौल बनाना होगा जहाँ सभी धर्मों और समुदायों के लोग प्रेम और सम्मान के साथ रह सकें।

निष्कर्ष: ईद उल-फितर को रमज़ान के पवित्र महीने की इबादतों, रोज़ों और आध्यात्मिकता के बदले एक इनाम के रूप में देखा जाता है। यह अवसर अल्लाह से माफी मांगने और उसकी नेमतों का शुक्र अदा करने का भी है। रमज़ान में रोज़े रखने से ईमान मजबूत होता है और इंसान अपने रब के करीब हो जाता है।ईद सिर्फ हमारे लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए आशा और प्रकाश का एक नया संदेश लेकर आती है। हम अपने साथी नागरिकों के प्रेम और न्यायप्रियता की सराहना करते हैं और प्रार्थना करते हैं कि हमारे आपसी संबंध और मजबूत हों। आइए, हम सब मिलकर अपने देश को नफरत से मुक्त करें और एक बेहतर, समान और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में योगदान दें।

ईद मुबारक! अल्लाह हमारे देश में शांति, प्रेम और न्याय को बढ़ावा दे!







खबर संक्षेप

नवरात्रि के प्रथम दिन खपरी मढ़ी में भंडारा

तिल्दा नेवरा। तिल्दा नेवरा फ्रेंड्स क्लब द्वारा नवरात्रि पर्व पर प्रथम दिवस खपरी मढ़ी स्थित मां बंजारी माता मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों को भोजन करवाया गया। तिल्दा नेवरा फ्रेंड्स क्लब द्वारा इसी तरह आए दिन भंडारे सहित कई कार्यक्रम किया जा रहा है।

छूटे हुए हितग्राहियों का बना आयुष्मान कार्ड

तिल्दा नेवरा। नगर के वार्ड क्रमांक 21 में लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का कार्ड अपडेट आदि किया जा रहा है। तिल्दा नेवरा के वार्ड क्रमांक 21 में शिव मंदिर के पास शिविर लगाकर उक्त कार्ड बनाया गया। यहां पर वार्ड की पार्षद रानी सौरभ जैन के प्रतिनिधि के रूप में भाजपा नेता सौरभ जैन विशेष रूप से उपस्थित होकर लोगो को जागरूक करते नजर आए। वहीं आज रविवार को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। एवं जिनका कार्ड अपडेट नहीं हुआ है उसे अपडेट भी किया जा रहा है। पार्षद रानी सौरभ जैन को स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग का सभापति बनाया गया है तभी से वे फिर से एक बार इन विभागों में सक्रिय हो गई है।

सड्डू में कर्मा जयंती कल मनाई जाएगी

तरपोंगी। समीपस्थ ग्राम सड्डू में 1 अप्रैल को भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजू शर्मा किसान नेता होंगे। अध्यक्षता बेनीराम साहू ग्राम इकाई अध्यक्ष करेंगे। विशिष्ट अतिथि शैल महेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य रायपुर, देवेंद्र वर्मा जनपद सदस्य तिल्दा, पोषण साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज तिल्दा, संतोष साहू अध्यक्ष साहू समाज लखना परिक्षेत्र, मुकेश साहू उपाध्यक्ष साहू समाज लखना परिक्षेत्र, जामवती साहू महिला उपाध्यक्ष लखना परिक्षेत्र, नंदू साहू सरपंच ग्राम पंचायत सड्डू, सुनील शर्मा सचिव ग्राम पंचायत सड्डू, जगन्नाथ साहू उपाध्यक्ष साहू समाज सड्डू, धनेंद्र साहू सचिव साहू समाज सड्डू, रमेश साहू कोषाध्यक्ष साहू समाज सड्डू, गौकरण साहू सदस्य साहू समाज सड्डू आदि होंगे।

विग ने किया प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत

रायपुर। युवा नेता आकाश विग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः जिला रायपुर तहसील-खरोरा प.ह.न.-00026 कठिया ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD2024254401070000017

// ईश्तहार //

तहसील खरोरा के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम कठिया के वर्तमान भूमिस्वामी गौकरण, द्वारिका, देवकरण देवप्रसाद, शिवप्रसाद पिता/पति-पि अर्जुनलाल पता-सा. देह, दुकलहीन पिता/पति-बेवा-अर्जुनलाल पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 220/2(0.4290), 231/2 (0.7980), 219 (0.3200), 1243 (0.1900), 228/2 (0.3970), 230/1 (0.2350), 228/3 (0.0570), 52 (0.0530), 1242/1 (0.0730), 218/2 (0.3040), 1242/2 (0.2140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गौकरण, द्वारिका, देवकरण देवप्रसाद, शिवप्रसाद पिता/पति-पि अर्जुनलाल पता-सा. देह के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपनी दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/03/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदारः-
Chandrashekhar Mandai

शुभारंभ : प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाई वर्चुअल हरी झंडी, मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ

लोगों को कम खर्च में मिलेगी सुविधा, नवा रायपुर से बढ़ेगी कनेक्टिविटी : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर से रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वर्चुअल हरी झंडी दिखा कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मंत्री केदार कश्यप, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, इन्द्रकुमार साहू, पूरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरू खुशवंत साहेब, रायपुर महापौर मीनल चौबे, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू, भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक बजाज, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग, जनपद अध्यक्ष चन्द्रिका बंजारे आदि अतिथियों ने नवीन मेमू ट्रेन सेवा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मंत्री केदार कश्यप, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते कहा कि छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री द्वारा 36 हजार करोड़ की सौगात मिली है, प्रदेश विकास की दिशा मे तेजी से आगे बढ़ रहा है आने वाले समय मे इस ट्रेन सुविधा का विस्तार होकर धमतरी तथा और आगे तक जोड़ने का योजना है। इस मेमू ट्रेन से अभनपुर, नवा रायपुर और रायपुर आने जाने वाले लोगों को कम खर्च मे सुविधा मिलेगी तथा नवा रायपुर से भी कनेक्टिविटी बढ़ेगी। अभनपुर के लोगों ने बड़ी संख्या में मेमू ट्रेन में बैठकर रायपुर तक जाना आना कर सफर का आनंद लिया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मकान की चाबी सौपी गई।

अभनपुर नगरवासियों में मेमू ट्रेन की शुरूवात होने में खुश तो है लेकिन अभनपुर के अंडरब्रिज के निर्माण मे की गई लापरवाही से लोगों मे भारी नाराजगी दिखी। इस संबंध में नगर में लोगों ने शुरूवाती दौर से ही अंडरब्रिज का विरोध कर रहे थे लेकिन रेलवे की मनमानी पूर्ण रवैये से इसमे कोई सुधार नहीं हो पाया।

टिकट आरक्षण सुविधा शुरू करने की मांग

नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, पार्षद दिक्षा राठी, नीलकमल गिलहरे आदि लोगों ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को लिखित पत्र के माध्यम से ध्यान आकृत कराते बताया गया कि यह अंडरब्रिज निर्माण से अभनपुर दो भाग मे बंट चुका है विशेष इमरजेंसी में एबुलेंस एवं अग्निशामक वाहन यहां से नहीं निकल पाता है तथा इस अंडरब्रिज की जगह सी ब्रिज का निर्माण किया जावे साथ ही अभनपुर मे रेलवे स्टेशन मे टिकट आरक्षण सुविधा शुरू करने की मांग की गई है।

सशिमं नेवरा व भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं व अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय समिति अध्यक्ष गोपाल चंद्र अग्रवाल, फाउंडर मेंबर दिलीप शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन, सचिव स्वप्निल श्रीवास्तव, पालक समिति सदस्य अंजू शर्मा, दिलीप कुमार साहू ने मां भारती, मां सरस्वती एवं ओमकार के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। अंजूलता शर्मा ने मंच संचालन किया। प्राथमिक विभाग परीक्षा प्रमुख खिलेश्वरी वर्मा ने परीक्षा वृत्त प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कक्षा अरुण में 60 तथा कक्षा उदय में 68 कुल 128 भैया बहन परीक्षा में शामिल हुए। कक्षा अरुण व उदय का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा। अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रमुख श्री प्यारेलाल वर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में कुल 431 भैया बहन शामिल हुए। इस परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर नेवरा के विद्यार्थियों के अलावा ज्ञान दीप विद्या मंदिर ,केरला पब्लिक स्कूल, जे.बी. पब्लिक स्कूल, शासकीय ररुहाराम पूर्व माध्यमिक विद्यालय के भैया बहन शामिल हुए। आचार्य संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रवेशिका में 27, मध्यमा में 9, उत्तमा में 1,प्रज्ञा में 3, कुल 40 आचार्य -दीदीयां एवं अभिभावक शामिल हुए। प्रवेशिका में प्रथम मनोज कुमार निर्मलकर, अभिभावक उत्तमा में प्रथम चित्रलेखा सोनी अभिभावक का रहा। इस अवसर पर श्री गोपाल चंद्र अग्रवाल ने कहा की की आप अपने अथक परिश्रम से आगे बढ़ रहे हैं। आप अपना भविष्य आप बनाएं और अपने माता-पिता , गांव- नगर, गुरुजनों का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्री वासुदेव साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

एक युग की गाथा नृत्य नाटिका आज

रायपुर। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में 'एक युग की गाथा' नामक सुप्रसिद्ध संगीतमय नृत्य नाटिका का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 31 मार्च को शाम 4 बजे रखा गया है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर का उद्बोधन होगा।

भाजपा प्रवेश पर उपाध्यक्ष खेलूराम का हुआ सम्मान

अभनपुर। खोरपा भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष खेलूराम साहू को जनपद पंचायत अभनपुर के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने एवं जिला पंचायत सदस्य अन्नु तारक को भाजपा प्रवेश करने पर शॉल, श्रीफल पुष्पगुच्छ के साथ सम्मान किया गया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं संगठन की मजबूती व आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा की। इस दौरान प्रमुख रूप से विधायक इन्द्रकुमार साहू भी मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, लक्ष्मण निषाद, हेमलाल सोनकर, प्रशांत ठाकुर, अश्वनी साहू, रिंकू साहू, चन्द्रकांत सोनकर, लोकेश साहू, योगेश साहू, पंचू राम साहू, कृष्णा निषाद, तिजू राम साहू उपस्थित रहे।

एक्टीवा चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

तिल्दा नेवरा। एक्टीवा चोरी करने वाला युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी अब्दुल मजीद बैग नेवरा निवासी रजिस्ट्री ऑफिस तिल्दा नेवरा में ऑपरेटर का काम करता है दिनांक 22 मार्च को दोपहर के समय अपनी एक्टीवा क्रमांक सीजी 04 पी.बी. 4439 को ऑफिस के सामने खडी कर ऑफिस के अंदर काम कर रहा था तभी कोई अज्ञात चोर इसकी मोपेड एक्टीवा को चोरी कर ले गया।

जिसकी रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस कायम कर पतासाजी में लिया गया। पतासाजी के दौरान दिनांक 30 मार्च को आरोपी हेमंत कुमार संतवानी पिता रमेश कुमार संतवानी उम्र 24 वर्ष सासाहोली निवासी उक्त एक्टीवा में बिलाडी से तिल्दा आने के दौरान पकड़ा गया, जिसने उक्त वाहन को चोरी करना कबूल किया। जिसे गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड के लिए न्यायालय भेज दिया गया है।

मंदिरों में जले ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

रविवार से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो गया है सभी देवी- मंदिरों में विशेष साजसज्जा के साथ पूजा अर्चना प्रारंभ हुआ। साथ ही सभी देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया। वार्ड क्रमांक 19 स्थित मां मावली माता मंदिर में भी आज से पूरे 9 दिन भक्तिमय वातावरण में नवरात्रि प्रारंभ हो गया। यहां मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित की जाती है जहां दूर दर्ज से लोग दर्शन हेतु पहुंचते है। यहां माता सेवा समिति द्वारा माता सेवा जस गीत किया जाता है। सप्तमी को धेनुभगत का कार्यकम यहां विशेष रहता है।

वहीं आज नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन मां मावली माता मंदिर तिल्दा बस्ती में बेदराम वर्मा एवं डॉ. रेखराम वर्मा द्वारा बड़े घंटा (घंटी) सौजन्य प्रदान किया गया। बता दे मंदिर में इसकी कमी थी जो अब उक्त दान से पूरी हो गई। इसी तरह से नेवरा बस्ती के महामाया माता मंदिर, बगदाई माता मंदिर, खपरी मढ़ी स्थित बंजारी माता मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, संतोषी मंदिर, भैरवगढ़ धाम सहित सभी जगहों पर ज्योत प्रज्ज्वलित की जाती है। शहर व क्षेत्र में पूरे 9 दिन भक्तिमय वातावरण रहेगा।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार में पानी के लिए चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार में पिछले तीन दिनों से नल में पानी नहीं आने से लोग परेशान हैं। इसके विरोध में रविवार सुबह कॉलोनीवासियों ने चक्काजाम कर दिया। इस दौरान लोग समिति और हाउसिंग बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी कर लगभग तीन घंटे तक सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते रहे।

कलेक्टर द्वारा बिजली विभाग के अफसरों को निर्देशित किया गया। इसके बाद ही बिजली कनेक्शन जोड़ा गया। दरअसल हाउसिंग बोर्ड द्वारा जनकल्याण समिति को कॉलोनी का ठेका दिया गया है। लोगों का कहना है कि समिति द्वारा पैसे तो लिए जा रहे हैं, लेकिन बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण बोर पर लगा बिजली कनेक्शन काट दिया गया, इससे लोगों को पानी सप्लाई नहीं की जा रही थी, लेकिन रविवार को लोगों का आक्रोश बढ़ गया और वे सड़कों पर उतर आए। बताया गया है कि जनकल्याण समिति ने लगभग एक करोड़ रुपए का बिजली बिल नहीं पटाया है। इसके कारण ही यह समस्या उतपन्न हो रही है। लोगों का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ग्राम पंचायत को हैंडओवर कराई जाए, इसके बाद ही समस्या का निराकरण हो सकेगा।

पेज 11 के शेष ...

पटरी पर दौड़ीं खुशियां...

लंबा इंतजार करने के बाद जैसे ही शाम 4 बजे ट्रेन के रवाना होने की आवाज आई, हर किसी के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। ट्रेन धीमी रफ्तार से स्टेशन से चली, यात्रियों ने खिड़की और दरवाजे से बाहर हाथ हिलाकर अपने खुशी जाहिर की। इस खास पल को जीने के लिए सबमें एक अलग ही उत्साह था, जैसे ट्रेन नहीं, बल्कि एक सपना चल पड़ा हो। **सड़कों पर देखते रहे लोग** : नई लोकल ट्रेन ने हर किसी का ध्यान आकर्षित किया। चमचमाती ट्रेन देखकर लोग अपने घरों से बाहर आ गए थे। सड़कों पर भी लोग ट्रेन का नजारा देख रहे थे। ट्रेन जिस भी जगह से गुजरी, लोग खड़े होकर उसे हाथ हिलाकर खुशी जाहिर करते रहे। **अब फ्री का सफर पड़ेगा भारी** : छोटी रेललाइन के दौर में 5 रुपए किराया होने के कारण ज्यादातर यात्री रायपुर से अभनपुर तक का सफर मुफ्त में भी कर लेते थे, लेकिन नई ट्रेन में ऐसा नहीं हो पाएगा। अब ट्रेन में टीटीई नियमित रूप से सभी यात्रियों के टिकट की जांच करेंगे। अगर कोई यात्री बगैर टिकट होगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

आंबेडकर के मरीज...

इनमें से कई कूलर उचित रखरखाव के अभाव में खराब हो चुके हैं। पूरी तरह कंडम हो चुके कूलरों को बदला जा रहा है, वहीं चलने के लायक कूलरों को सुधारने का काम किया जा रहा है। हरिभूमि की टीम जब दूसरी मंजिल के वार्डों में पहुंची तो मरीजों ने बताया कि कूलरों की मरम्मत की गई है, मगर उसे चालू नहीं किया गया है। सर्जरी और आर्थो विभाग के वार्डों में भर्ती मरीजों ने बताया कि गर्मी की वजह से उन्हें परेशानी हो रही है, मगर अब तक कूलर चालू करने की जरूरत ही नहीं समझी गई है। एक मरीज ने बताया कि उनके बगल से ही बड़ा कूलर रखा गया है, मगर उसमें पानी भरने की समस्या की वजह से उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। कुछ वार्डों के कूलरों के खस और स्वीच बोर्ड खराब पड़े हैं।

प्लाईवुड कंपनी में लगी...

तथा बचाव कार्य में जुटी हुई थी। आखिरकार छह घंटे बाद आग बुझाई जा सकी। आग लगने की घटना भीमसरिया डोर कंपनी में हुई है। शाम 6 बजे के करीब फैक्ट्री में कोई नहीं था। इस दौरान कुछ लोगों ने फैक्ट्री के अंदर से आग की लपटें उठती देखीं। इसके बाद लोगों ने आनन-फानन में इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड के साथ फैक्ट्री मालिक को दी। आग लगने की जानकारी मिलने के 10 मिनट के अंदर ही बिरगांव नगर निगम की दो फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग का विकराल रूप के देखते हुए क्षेत्र में संचालित निजी कंपनियों तथा रायपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मदद के लिए बुलाया गया।

पूर्व सीएम के ओएसडी...

लोगों के अलग-अलग ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। इस दौरान श्री बघेल के ओएसडी रहे आशीष वर्मा के निवास पर भी सीबीआई अफसर छापे की कार्रवाई करने पहुंचे, तब ओएसडी अपने परिवार के साथ कश्मीर गए हुए थे। इसके चलते सीबीआई ने आशीष के निवास को सील कर दिया था। शनिवार को कश्मीर से वापस लौटने के बाद आशीष ने सीबीआई से संपर्क किया, तब सीबीआई पड़ताल करने आशीष के निवास पहुंची।

छुट्टी के दिन भी...

कार्यालय जाकर बकाया कर का भुगतान कर सकते हैं। इस बार राजस्व महकमे को 300 करोड़ की राजस्व वसूली का टार्गेट निगम आयुक्त विश्वदीप ने दिया है। शनिवार तक राजस्व विभाग ने 10 जोन व निगम मुख्यालय मिलाकर 210 करोड़ की राजस्व वसूली कर ली है। 90 करोड़ का राजस्व वसूलने नगर निगम के राजस्व महकमे के पास दो दिन हैं। ऐसे में राजस्व महकमे के लिए निर्धारित लक्ष्य पूरा करना आसान नहीं है। विभागीय अधिकारियों को यह उम्मीद है कि 30 और 31 मार्च को करदाताओं से अच्छा खासा राजस्व बकाया कर मिल सकेगा।

जापानी महिला का बैग...

को बताया कि वह दिल्ली से जयपुर जा रहा था। इस दौरान बस में उसे बैग लावारिस हालत में मिला था। फ्लाइट छूटने का समय हो रहा था। इस वजह से नितिश जल्दबाजी में बैग एयरपोर्ट अथॉरिटी को नहीं दे पाया और अपने पास रख लिया। बैग में जापान, टोक्यो निवासी फुकीको ओटसुबो नाम की महिला का वीजा, पासपोर्ट होने के साथ उसका लैपटॉप रखा था। इस बात की जानकारी युवक को जयपुर पहुंचने के बाद मिली।

पारधी बोले- न केस दर्ज, न कोई वारंट

रायपुर। कुनबी समाज के अध्यक्ष डीआर पारधी ने रामेश्वर नाकतोड़े द्वारा लगाए गए संगठन में चुनाव नहीं कराने तथा समाज के कार्यालय को कब्जा करने के आरोप को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि न उनके खिलाफ कोई केस दर्ज हुआ है और न ही कोई वारंट जारी हुआ है। समाज के अध्यक्ष ने रामेश्वर पर समाज को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। डीआर पारधी ने बताया कि रामेश्वर निरंतर कई तरह की अफवाहें फैलाने का काम कर रहे हैं। समाज के अध्यक्ष के मुताबिक, रामेश्वर का वर्तमान में सामाजिक परिप्रेक्ष्य से कोई सरोकार नहीं है। वर्तमान में उनका जो सामाजिक संगठन है, उनके द्वारा कई सामाजिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस वजह से समाज से जुड़े लोगों द्वारा समर्थन मिल रहा है।

नवनिर्वाचित पार्षद तिवारी का किया अभिनंदन

रायपुर। दुबेलिया तेली साहू समाज रायपुर ब्लॉक द्वारा नवनिर्वाचित पार्षद आकाश तिवारी का साहू भवन में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके बाद पार्षद आकाश तिवारी ने माता कर्मा का आशीर्वाद लिया। इसी दौरान समाज के लोगों ने राजा तालाब साहू समाज भवन में आयोजित भक्ति माता कर्मा की शोभायात्रा निकाली, यह शोभायात्रा राजा तालाब के मुख्य मार्गों से होते हुए दुर्गा चौक, दुर्गा मैदान, गांधी चौक, शिव मंदिर होते हुए साहू भवन पहुंची। इस शोभायात्रा में समाज के अध्यक्ष भोलाराम साहू, भुनेश्वर साहू, ठाकुर राम साहू, गणेश राम साहू, चंद्रकांत राम साहू, मोहन साहू, तुलसी साहू सहित महिला साहू समाज की भी महिलाएं विशेष रूप से शामिल हुईं।

पहले दिन अभनपुर मेमू से टकराई गाय, मौत

रायपुर। अभनपुर मेमू ट्रेन के परिचालन के पहले ही दिन एक दुखद घटना हो गई। ट्रेक पर खड़ी एक गाय ट्रेन से टकरा गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना अभनपुर से लगभग 6 किलोमीटर दूर उस समय हुई, जब ट्रेन 4 बजे अभनपुर से रवाना होकर रायपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान केंद्री से पहले एक गाय पटरी के किनारे खड़ी थी। जैसे ही लोको पायलट ने हार्न बजाया, गाय ट्रेन की आवाज सुनकर पटरी की ओर बढ़ी और इंजन का हिस्सा गाय के सिर से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त ट्रेन की रफ्तार लगभग 70 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे थी। रेलवे को उम्मीद नहीं थी कि परिचालन के दौरान ट्रेक पर कोई मवेशी आ सकता है, इस कारण परिचालन से पहले उचित सुरक्षा उपाय नहीं किए गए थे।

आरडीए ने हटाया कौशल्या माता विहार से अवैध कब्जा

रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण ने रविवार को कौशल्या माता विहार के सेक्टर-3 में किए जा रहे अवैध कब्जे को जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन की मदद से हटाया। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर 3 दिन पहले कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई थी। श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि यह सुनिश्चित किया जाए, भविष्य में संबंधित भूमि पर कोई अवैध कब्जा न हो। प्राधिकरण की अतिरिक्त सीईओ शिम्मी नाहिद के अनुसार, अफवाह के आधार पर किए जा रहे कब्जे में गोकुलनगर, बोरियाखुर्द, लालपुर और संतोषीनगर की महिलाएं बोरिया तालाब की खुली जगह पर कब्जा कर रही थीं। वे बांस, बल्ली, चादर, बोरा और रस्सी तथा साड़ियां लगाकर जमीन पर कब्जा करने और झोपड़ी बनाने की कोशिश कर रही थीं। कब्जे के दौरान कुछ ऐसे लोग भी देखे गए, जो कार में आए और कब्जा करने वालों को प्रोत्साहित करते दिखे। वहीं कब्जा करने वाली महिलाओं को शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के कारण पुलिस उन्हें टिकरापारा थाने ले गई।

राज्य में 55 लाख वाहन, इनमें सिर्फ 60 हजार गाड़ियों की ही बदली नंबर प्लेट, 15 अप्रैल से होगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के मुताबिक, सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। राज्य में 55 लाख के करीब पुराने वाहन हैं, जिनमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगानी है। इनमें से महज 60 हजार लोगों ने अपनी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाई हैं। 20 हजार के करीब लोगों ने नंबर प्लेट बदलवाने ऑनलाइन आवेदन जमा किए हैं। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदलवाने में देरी की वजह मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होना बताया जा रहा है।

अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के अनुसार वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने सरकारी के साथ निजी संस्थानों से संपर्क किया जाएगा। उनसे अपील की जाएगी कि जिन लोगों के वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगा है, उनके वाहनों को अपने संस्थान के अंदर प्रवेश नहीं करने दें। साथ ही ट्रैफिक पुलिस की मदद से वाहन मालिकों को 15 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने समझाइश दी जाएगी। इसके बाद भी वाहन मालिक अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई कर जुर्माना वसूल किया जाएगा।

एचएसआरपी लगवाने सरकारी के साथ निजी संस्थानों को प्रेरित किया जाएगा

मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से देरी

पुराने वाहनों के आरसी में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने के कारण नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। अधिकांश वाहन मालिकों द्वारा मोबाइल नंबर बदलने, इसकी जानकारी नहीं देने के कारण नंबर प्लेट के साथ अटैच करने में परेशानी हो रही है। इस तरह की समस्या आने पर आवेदनकर्ता अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराएगा, उसके बाद आवेदनकर्ता अपने वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवा पाएगा। मोबाइल नंबर अपडेट कराने में एक सप्ताह तक का समय लग सकता है। आवेदनकर्ता ऑनलाइन अथवा परिवहन सेवा केंद्र या परिवहन कार्यालय में जाकर अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा सकता है।

फाइल फोटो

वाहनों के लिए ये दरें निर्धारित

टू-व्हीलर मोटरसाइकिल, स्कूटर, मोपेड के अलावा ट्रैक्टर, पॉवर टिलर व ट्रेलर में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के लिए जीएसटी सहित 365.80 रुपए, थ्री व्हीलर के लिए 427.16, लाइट मोटर व्हीकल, पैसेंजर कार के लिए 656.08 और 705.64 रुपए शुल्क निर्धारित है। ऑटो डीलर के पास जाकर नंबर प्लेट बदलवाने पर अतिरिक्त सौ रुपए इंस्टालेशन चार्ज लगेगा।

दो जोन में बंटे आरटीओ कार्यालय

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने राज्य के सभी जिलों के परिवहन कार्यालय को दो जोन में बांटा गया है। जोन-ए के अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोंडागांव, मुंगेली, बेमेतरा, कवर्धा, कोरबा और जांजगीर-चांपा शामिल हैं। वहीं जोन-बी में रायगढ़, गरियाबंद, जशपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, महासमुंद, राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, दंतेवाड़ा, कांकेर, अंबिकापुर, बैकुंठपुर और जगदलपुर आरटीओ कार्यालय शामिल हैं।

खबर संक्षेप

विग ने किया प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत

रायपुर। युवा नेता आकाश विग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

शंकराचार्य आज आएंगे

रायपुर। गोवर्धन मठ और पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का 31 मार्च को राजधानी आगमन होगा। वे पुरी एक्सप्रेस से रायपुर पहुंचेंगे। स्टेशन पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। जगद्गुरु रांवाभाठा स्थित सुदर्शनम संस्थान में विश्राम करेंगे।

निधन

राम प्रताप मिश्रा

रायपुर। भिलाई शिवाजी नगर सुपेला निवासी राम प्रताप मिश्र का

30 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 मार्च को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राममूर्ति मिश्रा, केशव मूर्ति मिश्रा के भाई और नागेंद्र मिश्रा, अरुण मिश्रा, अश्वनी मिश्रा, सूर्यप्रकाश मिश्रा के पिता थे।

बिरगांव निगम में 3 अप्रैल को 149 करोड़ का अनुमानित बजट पेश करेंगे महापौर

पिछले बजट में नौ सुविधाओं का दावा, सिर्फ सीसीटीवी ही लगा पाए, छह प्रोजेक्ट अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बिरगांव नगर निगम ने पिछले बजट में करीब डेढ़ लाख आबादी को 249 करोड़ में नौ सुविधाएं देने का दावा किया था, इनमें सिर्फ एक सुविधा ही दे पाए हैं। पेयजल प्रदाय का काम अभी तक शत-प्रतिशत आकार नहीं ले पाया है। फिर भी निगम ने इस गर्मी में किराए के टैंकर से मुक्ति पा ली है। इसके अलावा जनता को मिलने वाली पांच सुविधाएं अधूरी हैं। वहीं खेल मैदान का काम ही शुरू नहीं हुआ, 100 मोटरपंप और बोर में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने का मसौदा फिलहाल फाइलों में है।

रायपुर निगम के बाद अब बिरगांव निगम ने 2025-26 के लिए 3 अप्रैल को बजट पेश करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि इस साल का बजट करीब 149 करोड़ का होगा। वहीं पिछला बजट 249 करोड़ यानी 100 करोड़ ज्यादा का था, क्योंकि उसमें जल आवर्धन को शामिल किया गया था। इस बार सिर्फ 10 करोड़ के आसपास ही जलप्रदाय का बजट रहने वाला है। हरिभूमि ने पड़ताल में पाया कि जो दावे पिछले बजट में किए गए, उनमें से छह प्रोजेक्ट अभी तक अधूरे हैं, इसके चलते लोगों को सुविधाएं अधूरी ही मिल पा रही हैं। इसलिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। खेल मैदान निर्माण विवाद का हिस्सा बनकर रह गया है। भूमिगत जल संरक्षण के लिए तैयार किए गए प्लान को सरकार से मंजूरी नहीं मिली है।

मरीन ड्राइव की सुविधा दूर की कौड़ी

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में निवास करने वाली जनता के लिए एक भी ऐसा स्पॉट नहीं है, जहां वे अपने परिवार के साथ मनोरंजन कर सकें। अभी तक गार्डन का काम अधूरा है। दो तालाबों को मरीन ड्राइव की तर्ज पर विकसित करने की प्रक्रिया भी दूर की कौड़ी नजर आ रही है। मोतीसागर तालाब का निर्माण एजेंसी ने शुरू किया है, लेकिन दो महीने में इसे पूरा करना आसान नहीं है। जून से बरसात शुरू होने पर काम फिर से रुकने की स्थिति है। खदान डबरी का अभी तक काम भी जिम्मेदारों ने शुरू नहीं कराया है।

इस बजट सत्र में भी प्रश्नकाल : *बिरगांव निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बजट पेश करने की तैयारी में है। इसमें पहले वार्ड प्रतिनिधियों के प्रश्नकाल और उनके उत्तर का सिलसिला चलेगा। इसके बाद ही महापौर द्वारा बजट पेश किया जाएगा। तीसरे क्रम पर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों द्वारा जाति एवं मूल निवास के लिए घोषणा की जाएगी। इसके अलावा सड़क, नाला निर्माण के लिए तैयार मसौदे को लेकर सामान्य सभा में सहमति बनाई जाएगी। इसके अलावा वार्डों में सड़क व नाली निर्माण के प्रस्ताव को लेकर भी वैचारिक मंथन होने वाला है।*

अंतिम चरण में हैं कई प्रोजेक्ट

पिछले बजट में जिन सुविधाओं का दावा किया, उनमें सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे को प्राथमिकता से पूरा किया है। जलप्रदाय सहित दूसरे प्रोजेक्ट अंतिम चरण में हैं। खेल मैदान निर्माण में विवाद और वाटर हार्वेस्टिंग के लिए सरकार से बजट नहीं मिला, इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

- **नंदलाल देवांगन,** महापौर, ननि बिरगांव

जुबानी दावे फेल, देख रही जनता

जिन सुविधाओं का दावा महापौर ने पिछले बजट में किया, वे सभी जुबानी दावे फेल हो गए हैं। अब नई जुमलेबाजी की तैयारी है। क्षेत्र की जनता इसे गंभीरता से देख और समझ रही है। जरूरी सुविधाओं को प्राथमिकता से पूरा करने को लेकर नीयत भी नहीं है।

- **ओमप्रकाश साहू,** नेता प्रतिपक्ष, ननि बिरगांव

पिछले बजट में इन सुविधाओं का दावा

- मोतीसागर तालाब और खदान डबरी तालाब को मरीन ड्राइव की तर्ज पर विकसित करना, इनमें सिर्फ मोतीसागर का काम शुरू करा पाए।
- रावांभाठा और उरकुरा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मांगलिक भवन बनाने का दावा, दोनों भवन अभी तक निर्माणाधीन ही रह गए हैं।
- बिरगांव निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गों को सीसीटीवी कैमरे से कवर करने का दावा निगम ने पूरा कर लिया है। यह सुविधा लोगों को मिल रही है।
- आरटीओ आफिस के पास लोगों को मनोरंजन की सुविधा देने के लिए गार्डन का निर्माण कराने का दावा, काम अभी तक अधूरा ही है।
- खारुन से बिरगांव क्षेत्र में जलप्रदाय एवं आवर्धन योजना का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ, लेकिन निगम ने किराए के टैंकर से मुक्ति पाई।
- निगम क्षेत्र के मोटरपंप एवं बोर में पहले फेज में 100 जगह वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का दावा किया, जो बजट नहीं मिलने से फाइलों में है।
- रावांभाठा में खेल मैदान की सुविधा युवाओं को अभी तक नहीं दे पाए, एजेंसी ब्लैक लिस्टेड और नई एजेंसी से काम कराने में कानूनी पेच फंसा है।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार में पानी के लिए चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार में पिछले तीन दिनों से नल में पानी नहीं आने से लोग परेशान हैं। इसके विरोध में रविवार सुबह कॉलोनीवासियों ने चक्काजाम कर दिया। इस दौरान लोग समिति और हाउसिंग बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी कर लगभग तीन घंटे तक सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते रहे।

कलेक्टर द्वारा बिजली विभाग के अफसरों को निर्देशित किया गया। इसके बाद ही बिजली कनेक्शन जोड़ा गया। दरअसल हाउसिंग बोर्ड द्वारा जनकल्याण समिति को कॉलोनी का ठेका दिया गया है। लोगों का कहना है कि समिति द्वारा पैसे तो लिए जा रहे हैं, लेकिन बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण बोर पर लगा बिजली कनेक्शन काट दिया गया, इससे लोगों को पानी सप्लाई नहीं की जा रही थी, लेकिन रविवार को लोगों का आक्रोश बढ़ गया और वे सड़कों पर उतर आए। बताया गया है कि जनकल्याण समिति ने लगभग एक करोड़ रुपए का बिजली बिल नहीं पटाया है। इसके कारण ही यह समस्या उतपन्न हो रही है। लोगों का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ग्राम पंचायत को हैंडओवर कराई जाए, इसके बाद ही समस्या का निराकरण हो सकेगा।

एक युग की गाथा नृत्य नाटिका आज

रायपुर। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में 'एक युग की गाथा' नामक सुप्रसिद्ध संगीतमय नृत्य नाटिका का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 31 मार्च को शाम 4 बजे रखा गया है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर का उद्बोधन होगा। यह कार्यक्रम लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती आयोजन समिति छत्तीसगढ़ द्वारा किया जा रहा है।

मूणत और चंद्राकर के साथ गदगद दिखे प्रधानमंत्री मोदी...

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान नागपुर से रायपुर पहुंचने पर माना विमानतल पर भाजपा सांसद, विधायक और भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पुराने साथियों से मिलकर पीएम श्री मोदी और साथी भी गदगद हुए। एक तस्वीर में विधायक राजेश मूणत और अजय चंद्राकर पीएम का स्वागत करते हुए काफी प्रसन्न मुद्रा में नजर आ रहे हैं। पीएम भी इनके साथ मिलकर मुस्कुरा रहे हैं। रायपुर में पीएम का स्वागत सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग के सांसद विजय बघेल, कांकेर के सांसद भोजराज नाग, प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत सिंह, महापौर मीनल चौबे, पूर्व राज्यसभा सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय सहित कई भाजपा नेताओं ने किया।

पेज 11 के शेष ...

पटरी पर दौड़ीं खुशियां...

लंबा इंतजार करने के बाद जैसे ही शाम 4 बजे ट्रेन के रवाना होने की आवाज आई, हर किसी के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। ट्रेन धीमी रफ्तार से स्टेशन से चली, यात्रियों ने खिड़की और दरवाजे से बाहर हाथ हिलाकर अपने खुशी जाहिर की। इस खास पल को जीने के लिए सबमें एक अलग ही उत्साह था, जैसे ट्रेन नहीं, बल्कि एक सपना चल पड़ा हो।

सड़कों पर देखते रहे लोग : नई लोकल ट्रेन ने हर किसी का ध्यान आकर्षित किया। चमचमाती ट्रेन देखकर लोग अपने घरों से बाहर आ गए थे। सड़कों पर भी लोग ट्रेन का नजारा देख रहे थे। ट्रेन जिस भी जगह से गुजरी, लोग खड़े होकर उसे हाथ हिलाकर खुशी जाहिर करते रहे।

अब फ्री का सफर पड़ेगा भारी : छोटी रेललाइन के दौर में 5 रुपए किराया होने के कारण ज्यादातर यात्री रायपुर से अभनपुर तक का सफर मुफ्त में भी कर लेते थे, लेकिन नई ट्रेन में ऐसा नहीं हो पाएगा। अब ट्रेन में टीटीई नियमित रूप से सभी यात्रियों के टिकट की जांच करेंगे। अगर कोई यात्री बगैर टिकट होगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

आंबेडकर के मरीज...

इनमें से कई कूलर उचित रखरखाव के अभाव में खराब हो चुके हैं। पूरी तरह कंडम हो चुके कूलरों को बदला जा रहा है, वहीं चलने के लायक कूलरों को सुधारने का काम किया जा रहा है। हरिभूमि की टीम जब दूसरी मंजिल के वार्डों में पहुंची तो मरीजों ने बताया कि कूलरों की मरम्मत की गई है, मगर उसे चालू नहीं किया गया है। सर्जरी और आर्थो विभाग के वार्डों में भर्ती मरीजों ने बताया कि गर्मी की वजह से उन्हें परेशानी हो रही है, मगर अब तक कूलर चालू करने की जरूरत ही नहीं समझी गई है। एक मरीज ने बताया कि उनके बगल से ही बड़ा कूलर रखा गया है, मगर उसमें पानी भरने की समस्या की वजह से उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। कुछ वार्डों के कूलरों के खस और स्वीच बोर्ड खराब पड़े हैं।

प्लाईवुड कंपनी में लगी...

तथा बचाव कार्य में जुटी हुई थी। आखिरकार छह घंटे बाद आग बुझाई जा सकी। आग लगने की घटना भीमसरिया डोर कंपनी में हुई है। शाम 6 बजे के करीब फैक्ट्री में कोई नहीं था। इस दौरान कुछ लोगों ने फैक्ट्री के अंदर से आग की लपटें उठती देखीं। इसके बाद लोगों ने आनन-फानन में इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड के साथ फैक्ट्री मालिक को दी। आग लगने की जानकारी मिलने के 10 मिनट के अंदर ही बिरगांव नगर निगम की दो फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग का विकराल रूप के देखते हुए क्षेत्र में संचालित निजी कंपनियों तथा रायपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मदद के लिए बुलाया गया।

पूर्व सीएम के ओएसडी...

लोगों के अलग-अलग ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। इस दौरान श्री बघेल के ओएसडी रहे आशीष वर्मा के निवास पर भी सीबीआई अफसर छापे की कार्रवाई करने पहुंचे, तब ओएसडी अपने परिवार के साथ कश्मीर गए हुए थे। इसके चलते सीबीआई ने आशीष के निवास को सील कर दिया था। शनिवार को कश्मीर से वापस लौटने के बाद आशीष ने सीबीआई से संपर्क किया, तब सीबीआई पड़ताल करने आशीष के निवास पहुंची।

छुट्टी के दिन भी...

कार्यालय जाकर बकाया कर का भुगतान कर सकते हैं। इस बार राजस्व महकमे को 300 करोड़ की राजस्व वसूली का टार्गेट निगम आयुक्त विश्वदीप ने दिया है। शनिवार तक राजस्व विभाग ने 10 जोन व निगम मुख्यालय मिलाकर 210 करोड़ की राजस्व वसूली कर ली है। 90 करोड़ का राजस्व वसूलने नगर निगम के राजस्व महकमे के पास दो दिन हैं। ऐसे में राजस्व महकमे के लिए निर्धारित लक्ष्य पूरा करना आसान नहीं है। विभागीय अधिकारियों को यह उम्मीद है कि 30 और 31 मार्च को करदाताओं से अच्छा खासा राजस्व बकाया कर मिल सकेगा।

जापानी महिला का बैग...

को बताया कि वह दिल्ली से जयपुर जा रहा था। इस दौरान बस में उसे बैग लावारिस हालत में मिला था। फ्लाइट छूटने का समय हो रहा था। इस वजह से नितिश जल्दबाजी में बैग एयरपोर्ट अथॉरिटी को नहीं दे पाया और अपने पास रख लिया। बैग में जापान, टोक्यो निवासी फुकीको ओटसुबो नाम की महिला का वीजा, पासपोर्ट होने के साथ उसका लैपटॉप रखा था। इस बात की जानकारी युवक को जयपुर पहुंचने के बाद मिली।

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः जिला रायपुर तहसील-खरोरा प.ह.न.-00026 कठिया ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440107000017

// ईश्तहार //

तहसील खरोरा के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम कठिया के वर्तमान भूमिस्वामी गौकरण, द्वारिका, देवकरण देवप्रसाद, शिवप्रसाद पिता/पति-पि अर्जुनलाल पता-सा. देह, दुकलहीन पिता/पति-बेवा-अर्जुनलाल पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 220/2(0.4290), 231/2 (0.7980), 219 (0.3200), 1243 (0.1900), 228/2 (0.3970), 230/1 (0.2350), 228/3 (0.0570), 52 (0.0530), 1242/1 (0.0730), 218/2 (0.3040), 1242/2 (0.2140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गौकरण, द्वारिका, देवकरण देवप्रसाद, शिवप्रसाद पिता/पति-पि अर्जुनलाल पता-सा. देह के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपनी दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/03/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार:-
Chandrashekhar Mandai

पारधी बोले- न केस दर्ज, न कोई वारंट

रायपुर। कुनबी समाज के अध्यक्ष डीआर पारधी ने रामेश्वर नाकतोड़े द्वारा लगाए गए संगठन में चुनाव नहीं कराने तथा समाज के कार्यालय को कब्जा करने के आरोप को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि न उनके खिलाफ कोई केस दर्ज हुआ है और न ही कोई वारंट जारी हुआ है। समाज के अध्यक्ष ने रामेश्वर पर समाज को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। डीआर पारधी ने बताया कि रामेश्वर निरंतर कई तरह की अफवाहें फैलाने का काम कर रहे हैं। समाज के अध्यक्ष के मुताबिक, रामेश्वर का वर्तमान में सामाजिक परिप्रेक्ष्य से कोई सरोकार नहीं है। वर्तमान में उनका जो सामाजिक संगठन है, उनके द्वारा कई सामाजिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस वजह से समाज से जुड़े लोगों द्वारा समर्थन मिल रहा है।

नवनिर्वाचित पार्षद तिवारी का किया अभिनंदन

रायपुर। दुबेलिया तेली साहू समाज रायपुर ब्लॉक द्वारा नवनिर्वाचित पार्षद आकाश तिवारी का साहू भवन में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके बाद पार्षद आकाश तिवारी ने माता कर्मा का आशीर्वाद लिया। इसी दौरान समाज के लोगों ने राजा तालाब साहू समाज भवन में आयोजित भक्ति माता कर्मा की शोभायात्रा निकाली, यह शोभायात्रा राजा तालाब के मुख्य मार्गों से होते हुए दुर्गा चौक, दुर्गा मैदान, गांधी चौक, शिव मंदिर होते हुए साहू भवन पहुंची। इस शोभायात्रा में समाज के अध्यक्ष भोलाराम साहू, भुनेश्वर साहू, ठाकुर राम साहू, गणेश राम साहू, चंद्रकांत राम साहू, मोहन साहू, तुलसी साहू सहित महिला साहू समाज की भी महिलाएं विशेष रूप से शामिल हुईं।

पहले दिन अभनपुर मेमू से टकराई गाय, मौत

रायपुर। अभनपुर मेमू ट्रेन के परिचालन के पहले ही दिन एक दुखद घटना हो गई। ट्रेक पर खड़ी एक गाय ट्रेन से टकरा गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना अभनपुर से लगभग 6 किलोमीटर दूर उस समय हुई, जब ट्रेन 4 बजे अभनपुर से रवाना होकर रायपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान केंद्री से पहले एक गाय पटरी के किनारे खड़ी थी। जैसे ही लोको पायलट ने हार्न बजाया, गाय ट्रेन की आवाज सुनकर पटरी की ओर बढ़ी और इंजन का हिस्सा गाय के सिर से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त ट्रेन की रफ्तार लगभग 70 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे थी। रेलवे को उम्मीद नहीं थी कि परिचालन के दौरान ट्रेक पर कोई मवेशी आ सकता है, इस कारण परिचालन से पहले उचित सुरक्षा उपाय नहीं किए गए थे।

आरडीए ने हटाया कौशल्या माता विहार से अवैध कब्जा

रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण ने रविवार को कौशल्या माता विहार के सेक्टर-3 में किए जा रहे अवैध कब्जे को जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन की मदद से हटाया। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर 3 दिन पहले कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई थी। श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि यह सुनिश्चित किया जाए, भविष्य में संबंधित भूमि पर कोई अवैध कब्जा न हो। प्राधिकरण की अतिरिक्त सीईओ शिम्मी नाहिद के अनुसार, अफवाह के आधार पर किए जा रहे कब्जे में गोकुलनगर, बोरियाखुर्द, लालपुर और संतोषीनगर की महिलाएं बोरिया तालाब की खुली जगह पर कब्जा कर रही थीं। वे बांस, बल्ली, चादर, बोरा और रस्सी तथा साड़ियां लगाकर जमीन पर कब्जा करने और झोपड़ी बनाने की कोशिश कर रही थीं। कब्जे के दौरान कुछ ऐसे लोग भी देखे गए, जो कार में आए और कब्जा करने वालों को प्रोत्साहित करते दिखे। वहीं कब्जा करने वाली महिलाओं को शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के कारण पुलिस उन्हें टिकरापारा थाने ले गई।

चकल्लस

'नजर-ए-इनायत' का इंतजार

उपकरण और रीएजेंट घोटाले में फंसे कई अफसरों की गिरफ्तारी के बाद खाली पदों के लिए दावेदारी का दौर स्वास्थ्य संचालनालय और एफडीए में शुरू हो गया है। ईओडब्ल्यू के शिकंजे में फंसे लोग स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी थे। सीजीएमएससी में उनकी प्रतिनियुक्ति जिम्मेदार पदों पर हुई थी, जो लालच का शिकार हो गए। उनके हटने के बाद इन जिम्मेदार पदों के लिए खुद को योग्य मानने वाले कुछ अधिकारी-कर्मचारी विभागीय मुखिया के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं कि परफॉर्मेंस के आधार पर साहब की नजरे इनायत उन पर हो जाए और सीजीएमएससी का मालदार पद उन्हें मिल जाए।

भारी न पड़ जाए डॉक्टर से पंगा

सुपर स्पेशलिटी डॉक्टर को नौकरी से बर्खास्त करना स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को भारी पड़ सकता है। दरअसल डॉक्टर को एक घोटाले के आरोपी के इलाज में कोताही बरतने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया था। डॉक्टर की गलती इतनी थी कि हास्पिटल में उपचार की सुविधा नहीं होने की वजह से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। राजनैतिक वैमनस्यता के कारण ऊपर से आए निर्देश पर बिना पक्ष जाने कार्रवाई को चिकित्सक ने व्यक्तिगत रूप से लिया और स्वास्थ्य सचिव, सीएमई और संबंधित अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को हाईकोर्ट का नोटिस थमा दिया।

लाल डायरी की खोज

ऑनलाइन गेमिंग के मामले में पिछले तीन साल से उगाही की जानकारी लगातार आ रही थी। कई लोगों को मामले में पकड़ा गया है। अब उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास हो रहा है, जो लोग पैसा पहुंचाने के माध्यम थे। पिछले दिनों सीबीआई ने इस लिंक को जानने दबिश दी। तब पता चला कि कौन, किसको पैसा पहुंचाता था। आरक्षक से लेकर सीएसपी तक करोड़ों की राशि अपने आका तक पहुंचाते थे। पूरा काम नकद में होता था, पर एंट्री जिस जगह पर होती थी, उसके दस्तावेज मिले बगैर मामले में किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अब सीबीआई उसी लाल डायरी को खोजने में जुट गई है।

सत्ता के लठैत

कुछ अफसर ऐसे होते हैं जो सत्ता के लठैत बन जाते हैं। कुछ तो मुख्यमंत्री की नजदीकियां हासिल करने के लिए कुछ भी, मतलब कुछ भी करने के लिए एक पैर पर खड़े रहते हैं। किसी को उठवा लो, मरवा दो, लुटवा दो, बर्बाद करवा लो। जो साहब कहेंगे मैं वहीं करूंगा टाइप। याद कीजिए, छत्तीसगढ़ की पहली सरकार को। एक आईपीएस तत्कालीन मुख्यमंत्री को डैडी कहता था। वही आईपीएस जितने बस्तर में कत्लेआम मचाया था। वह तब से लूपलाइन में है। कुछ अफसर जग्गी हत्याकांड में ऐसे फंसे कि बर्बाद हो गए। बीती सरकार में भी कुछ अफसरों ने लठैत बनकर मोर्चा संभाला। इतने पॉवर फुल हो गए कि पूछिए मत। अब सब भागे-भागे फिर रहे हैं। रात को नींद नहीं आती और भविष्य अंधकार में है। क्या कहें, लोग अतीत से सीखते नहीं हैं।

लालच बुरी बला

आजकल सरकारी नौकरियों में इतना पैसा मिलने लगा है कि वर्तमान और भविष्य दोनों संवर जाते हैं। इतना मिल जाता है कि जीवन शांति से बीत जाए। लेकिन लालच...। हर किसी को सौ करोड़ का आदमी बनना है। हर चीज चाहिए, बड़ा बंगला, बड़ी गाड़ी, बड़ा फार्म हाउस और पचास-सौ करोड़ की नकदी। बस यही से जीवन के नर्क बनने की शुरूआत होती है। कुछ कमा भी लेते हैं लेकिन बहुत कम उसे पचा पाते हैं। बाकी भोगने से पहले ही नर्क भोगते हैं। खबरी बता रहा था सट्टा कांड का आरोपी पुलिस अफसर कई दिन से सोया नहीं है। उसकी दिमागी हालत खराब है। परिजन उसे डॉक्टर के पास लेकर गए हैं। डॉक्टर ने नींद की गोलियां दी हैं और कहा है कि अगर यही हालत रही तो यह डिप्रेशन में चला जाएगा। अब बताइए, क्या फायदा ऐसे पैसे का।

सबसे बड़ा सबक

वैसे परंपरा यही है कि मरने के बाद किसी की बुराई नहीं करते। लेकिन जो हालात हैं उसके लिए उदाहरण देना जरूरी है। छत्तीसगढ़ के सबसे भ्रष्ट निगम, दवा निगम में एक साहब एमडी हुआ करते थे। आईएफएस थे। जमकर भ्रष्टाचार किया। खबरी बता रहा था कि उस पैसे से साहब ने अपने गृह प्रदेश आंध्रा में शानदार बंगला बनवाया। सोचा था कि रिटायरमेंट के बाद आराम से बाकी जीवन बिताएंगे। लेकिन रिटायर होने से पहले फाइल खुल गई और जांच के आदेश हो गए। तनाव बढ़ गया। साहब को ब्रेन हेमरेज हो गया। रायपुर में लंबा इलाज चला लेकिन आखिर में उनकी मौत हो गई। सोचिए जिस शानदार जिंदगी के लिए वे भ्रष्टाचार करते रहे, वह पैसा उनके किसी काम नहीं आया। अगर अभी भी किसी को समझ नहीं आ रहा, तो भगवान ही मालिक है।

मजदूर का पसीना

कहते हैं कि मजदूर का पसीना सूखे, उससे पहले ही उसे मजदूरी मिल जानी चाहिए। यही पुण्य का काम है और यही अच्छा तरीका। लेकिन भाजपा के मेहनतकश कार्यकर्ताओं को सवा साल बाद भी इंतजार करना पड़ रहा है। पहले लोकसभा, फिर नगरीय निकाय उसके बाद पीएम का दौरा। हर बार निगम-मंडल की सूची टलती रही है। इस बार कहा जा रहा है कि नवरात्रि में सौगात मिल सकती है। पीएम का दौरा पूरा हो गया है। खबर यह भी कि सूची तैयार है। किसी भी दिन मेहनत करने वाले भाजपाईयों को निगम-मंडलों की कमान दी जा सकती है।

हृदय कहां है भाई साहब...

सरकारी नौकरियों में तबादले स्वाभाविक हैं, लेकिन तबादला करते समय अगर विभाग के लिए थोड़ी भी संवेदनशीलता दिखाने की जहमत नहीं उठाते हैं। ऐसे ही एक मामले में शिक्षा विभाग की किरकिरी हाईकोर्ट में हुई है। स्वामी आत्मानंद स्कूल के 61 वर्षीय प्राचार्य को बीडीओ बनाकर दूसरी जगह भेज दिया गया। प्राचार्य ने दलील रखी कि वे हृदय रोग से पीड़ित हैं, हार्ड ड्यूटी नहीं कर सकते। तबादला न किया जाए, लेकिन विभाग ने एक न सुनी। प्राचार्य जब यही दलील लेकर हाईकोर्ट पहुंचे तो अदालत ने उनकी दलील मानी और फौरन तबादला निरस्त करने का आदेश दे दिया। शिक्षा विभाग का संचालन करने वाले अधिकारियों की क्या संवेदनशीलता समाप्त हो गई है। सवाल ये हैं कि उनका हृदय कहां है?

अब रोबोट ले आइए साहब...

छत्तीसगढ़ के सरकारी अस्पतालों की हालत ये है कि बीमारों से अधिक इलाज की जरूरत इन अस्पतालों को है। राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों के 80 फीसदी पद खाली हैं। कई जिले ऐसे हैं, जहां मरीजों के हिस्से में एक भी विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं आया है। डॉक्टरों के खाली पदों पर नौकरी करने वाला कोई नहीं मिल रहा है। दिलचस्प ये है कि डॉक्टरों की कमी स्वास्थ्य सेवाओं की अक्षमता का बड़ा मुद्दा है। एक साल पहले जब यही मामला सदन में उठा तो मंत्रीजी ने जवाब दिया था कि इलाज के लिए डॉक्टरों की कमी पड़ी तो वे रोबोट लाकर इलाज कराएंगे। एक साल बाद भी हालात नहीं बदले हैं, अब रोबोट ले ही आइए मंत्रीजी।

पर्दे के पीछे कौन

बूढ़ातालाब को खा जाने वाला इतना पॉवर फुल है कि मेयर के विरोध के बाद भी काम बंद नहीं कर रहा। आंदोलनों का असर नहीं हो रहा। पूरा शहर उसके विरोध में है लेकिन मजाल है कि कोई फर्क पड़ रहा हो। खबरी बता रहा था कि एग्रीमेंट पुराना है। लेकिन मुनाफा न होने की वजह से काम पूरा नहीं हुआ था। एजेंसी ठंडी पड़ गई। इस बीच नगर निगम ने भी करोड़ों लगाकर तालाब को संवार दिया। अब पर्दे के पीछे एक रसूखदार एक्टिव है। मंथली इनकम के लालच में वह चौपाटी बनवाने में लगा हुआ है। रसूखदार का रसूख ऐसा है कि कई रसूखदार चाहकर भी काम रुकवा नहीं पा रहे।

अब आई अक्ल ठिकाने

वक्त बहुत बेरहम होता है। जब ठीक चलता है आदमी को लगता है कि वही सर्वशक्तिमान है। लेकिन वक्त बदलने के बाद शक्तिमान को गंगाधर बनने में देर नहीं लगती। शहर के साहब जब फुल पॉवर में थे, तब हवा में उड़ रहे थे। एक लाइन विरोध में छपे तो तिलमिला जाते थे। ऊपर तक फोन करते थे। लेकिन वक्त की मार देखिए। अब एक-एक लाइन छपवाने के लिए खुद फोन कर रहे हैं। जब नहीं छप रहा, पुराने शागिर्दों से कह रहे हैं कि विज्ञप्ति में मेरा नाम भी जोड़ देना।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला
प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा

मार्च में ही डिमांड 64 सौ मेगावाट, आगे 67 सौ मेगावाट तक जा सकती है खपत

खपत में इजाफा उत्पादन कम बिजली संयंत्र अभी से हांफ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश में बिजली की डिमांड 64 सौ मेगावाट तक पहुंच गई है। आगे खपत के 67 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना है, लेकिन गर्मी में सबसे बड़ी समस्या यह भी है कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के उत्पादन संयंत्र कभी भी हांफ जाते हैं। एक दिन पहले ही 250 और 210 मेगावाट के संयंत्र बंद पड़ गए। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से 42 सौ मेगावाट से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी। अब ये संयंत्र फिर से प्रारंभ हो गए हैं। आने वाले समय में भरी गर्मी में संयंत्रों ने साथ नहीं दिया तो बड़ा बिजली संकट भी संभव है। ऐसा होने से बिजली कटौती करने के अलावा कोई चारा नहीं रहेगा। मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जा रहा है। प्रदेश में कई स्थानों पर पारा अभी से 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ऐसे में बिजली की खपत में भी लगातार गर्मी आ रही है। पूरे देश में इस समय बिजली की खपत बढ़ गई है। अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई है। पीकऑवर में रोज खपत 62 से 63 सौ मेगावाट तक जा रही है। हालांकि पॉवर कंपनी के पास आमतौर पर इससे ज्यादा बिजली रहती है।

मार्च में पहली बार इतनी खपत

मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी ज्यादा नहीं होती है, जितनी अभी हो रही है। पहले फरवरी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई। इसके बाद मार्च में यह खपत 62 सौ मेगावाट के पार हुई। अब मार्च में ही खपत 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई है। 17 मार्च को पीकऑवर में खपत 6376 मेगावाट तक गई। इस समय अपने संयंत्रों में उत्पादन 25 सौ मेगावाट के करीब हो रहा था। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से करीब 37 सौ मेगावाट बिजली ली जा रही थी। 16 मार्च को पांच सौ मेगावाट का एक संयंत्र बंद होने के कारण सेंट्रल सेक्टर से 42 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ी।

गर्मी में हांफ जाते हैं संयंत्र

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का तो दावा है कि गर्मी को देखते हुए बिजली की भरपूर व्यवस्था की गई है। इसमें संदेह नहीं है कि अगर खपत 65 से 67 सौ मेगावाट तक भी गई तो परेशानी नहीं होगी, क्योंकि अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट हो जाता है, लेकिन यह तब की स्थिति है, जब पूरे संयंत्र चलते हैं। सभी संयंत्र चलते रहे तो सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट तक बिजली लेकर पूर्ति हो जाएगी, लेकिन अपने संयंत्रों में खराबी आने पर परेशानी हो सकती है। हमेशा गर्मी में अपने संयंत्र हांफ जाते हैं। किसी न किसी संयंत्र में खराबी आती है। शनिवार को ही दो संयंत्र हांफ गए और इनके बंद होने के कारण बिजली की कमी हो गई तो सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी। इसके पहले भी मार्च में ही तीन दिनों में ही दो संयंत्रों में खराबी आई थी। हालांकि इसको एक दिन में ठीक कर लिया गया। अगर किसी संयंत्र में बड़ी खराबी आई और ज्यादा दिनों तक संयंत्र नहीं बन सका तो बिजली कटौती की स्थिति आ सकती है। बीते साल भी गर्मी में बिजली कटौती की स्थिति आई थी। हालांकि अधिकारी कटौती न होने का दावा करते हैं, लेकिन उद्योगों में जहां घोषित कटौती की जाती है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित कटौती होती है। इस समय में कई ग्रामीण क्षेत्रों अघोषित कटौती की बात सामने आ रही है।

पाली के मंडल अध्यक्ष और महामंत्री निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश संगठन ने कोरबा में कोयले की वर्चस्व की लड़ाई में हुई हत्या के मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मामले में आरोपी बनाए गए पाली के मंडल अध्यक्ष के साथ ही मंडल महामंत्री को भी पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने पाली के मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश के महामंत्री जगदीश रामू रोहरा के नाम से जारी आदेश पत्र में लिखा गया है, पाली क्षेत्र में घटित घटना में आपके ऊपर गंभीर आरोप लगे हैं, इसको देखते हुए आपको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाता है। इसी तरह से मंडल महामंत्री विवेक कौशल को भी पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता से निष्कासित किया गया है।

रायपुर, सोमवार 31 मार्च 2025

हरिभूमि लाइव

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में रौनक देखने को मिली, जहां श्रद्धालु कतार में देवी मां के दर्शन करने पहुंचे। शहर के प्राचीन देवी मंदिरों में सुबह से ही आरती, श्रृंगार, पूजन विधि के साथ आराधना की गई, जो निरंतर दोपहर 3 बजे तक जारी रहा। नौ दुर्गा की आराधना के बाद ज्योतिकलश प्रज्ज्वलन के लिए देवताओं का आह्वान कर शुभ मुहूर्त में सुबह 11:36 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक दीप प्रज्ज्वलित किया गया। माता राजराजेश्वरी मंदिर में 10437 दीप प्रज्ज्वलित किया गया, यह आंकड़ा शहर के सभी देवी मंदिरों से अधिक है।

नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में निभाई गई प्राचीन परंपरा

भक्तों की आस्था से जगमगाया दरबार चकमक पत्थर से महाज्योति प्रज्ज्वलित

रायपुर। सर्वप्रथम श्रीगणेश की आराधना की गई, जिसके बाद नवग्रहों की स्थापना के साथ मां दुर्गा से क्षमायाचना और प्रज्ज्वलन की अनुमति मांगी गई। सभी देवी मंदिरों में पारंपरिक रीति- रिवाज के साथ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया। महामाया मंदिर, कंकाली मंदिर, आकाशवाणी स्थित काली मंदिर, रांवाभाठा स्थित बंजारी मंदिर, पं. रविवि बंजारी मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, गायत्री मंदिर, रानी सती मंदिर, तात्यापारा स्थित शीतला मंदिर, बूढ़ातालाब स्थित शीतला मंदिर में 20 हजार से अधिक कलश स्थापना पूजा किया गया है।

नवरात्र के पहले दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

महामाया मंदिर में नौ वर्षीय कन्या द्वारा माता के मुख्य ज्योत कलश प्रज्ज्वलित की गई। इस दौरान मंदिर में पांच सौ से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कलश स्थापना एवं पूजन के दौरान माता राजराजेश्वरी और माता समलेश्वरी के दर्शन के लिए लंबी कतार देखने को मिली। नवग्रहों की स्थापना के साथ चकमक पत्थर की मदद से अग्नि प्रज्ज्वलित की गई। ट्रस्ट के सदस्य सुरज कुमार फूटान ने बताया कि शास्त्र के अनुसार चकमक पत्थर 5 हजार साल प्राचीन माना जाता है। दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात माता का भव्य स्वर्ण-चांदी के आभूषण, फूल और नवीन पोशाक से श्रृंगार किया गया। शाम से रामाधार एवं पार्टी और नीति अग्रवाल द्वारा जसगीत की प्रस्तुति रात 12 बजे तक दी गई।

दर्शन के लिए किया घंटों इंतजार

दंतेश्वरी मंदिर में सूर्य की रोशनी को कांच की मदद से एकत्र कर प्रथम ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया। इस वर्ष 1500 मन्नत के ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित किया जा रहा। श्रृंगार आरती के पश्चात पंचमेवा का प्रसाद अर्पित किया गया। नवरात्रि के शुभ अवसर पर नौ दिनों तक लगातार रामायण पाठ होगा। प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ मां के दर्शन मात्र के लिए नजर आई, जिन्होंने घंटों इंतजार के बाद दर्शन किया।

प्रथम दिन फलाहारी का भोग

प्राचीन कंकाली देवी मंदिर में राज ज्योति कलश को गुप्त रूप से प्रज्ज्वलित किया गया, जिसके बाद अन्य 750 मन्नत के कलश को जलाया गया। मंदिर के पुजारी आकाश शर्मा द्वारा फलाहार प्रसादी, फल, दूध, मेवा, मिठाई, पकवान एवं 15 से अधिक प्रकार के प्रसादी का भोग लगाया गया। इस दौरान प्रतिमा दर्शन के साथ सांग और बाना का पूजन भी किया गया।

देर रात जसगीत की प्रस्तुति

रविवि स्थित बंजारी मंदिर में कपूर की अग्नि से मां की अखंड ज्योति को प्रज्ज्वलित की गई। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रथम ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया है। संध्या आरती के दौरान मां का स्वर्ण श्रृंगार किया गया, जिसके बाद जसगीत मंडली की प्रस्तुति रही। इस वर्ष 18 घी और 1204 तेल के दीपक प्रज्ज्वलित किया गया है।

स्वर्ण आभूषणों से मां का श्रृंगार

रांवाभाठा स्थित बंजारी मंदिर में चकमक पत्थर की मदद से दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इसके साथ ही माता को 56 भोग की प्रसादी अर्पित की गई। मंदिर के अध्यक्ष हरिश जोशी ने बताया कि इस वर्ष 500 ज्योतिकलश की स्थापना की गई है। मंदिर प्रांगण में देर रात्रि भजन- कीर्तन का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान लगातार भक्त दर्शन के लिए पहुंचते रहे। प्रथम दिन मां का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसमें स्वर्ण के आभूषण विशेष रहा।

काली मंदिर में 3600 ज्योति कलश स्थापना

आकाशवाणी स्थित काली मंदिर में 3600 ज्योति कलश स्थापित की गई है। नवरात्रि के प्रथम दिन मां का सोलह श्रृंगार किया गया। इस दौरान सुबह से अभिषेक, पूजन, श्रृंगार, आरती, ज्योति कलश स्थापना का सिलसिला जारी रहा। ज्योति कलश स्थापना के अवसर पर कन्या को मां का स्वरूप मानकर मुख्य कलश प्रज्ज्वलित कराया गया। देर रात तक भोग प्रसादी वितरण कार्य जारी रहा।

हिन्दू नववर्ष पर भव्य शोभायात्रा

स्व-स्वरूप संप्रदाय भक्त सेवा मण्डल द्वारा तात्यापारा के प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से गुड़ीपाड़वा, हिंदू नववर्ष पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में ढोल की धुन और लेझिम पर नाचती-झूमती महिलाओं के साथ युवाओं ने भी जमकर जयघोष किया। इस अवसर पर नवदुर्गा एवं राम दरबार की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा में शामिल होने दुर्ग, धमतरी, कांकेर, बालोद, राजनांदगांव, महासमुंद और बिलासपुर जिले से श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में श्री हनुमान मंदिर समिति तात्यापारा, महाराष्ट्र मण्डल, मराठा समाज, कुनबी समाज, तेली समाज, यादव समाज, अर्द्धनारीश्वर धाम, वैष्णव किन्नर अखाड़ा, क्षत्रिय पवार समाज, संत समाज परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

नवदुर्गा स्वरूप पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन

नववर्ष के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज अग्रशक्ति महिला मंडल द्वारा नृत्य नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का मंचन किया गया। जैतु साव मठ परिसर में आयोजित नृत्य नाटिका का मंचन रोहित भूषणवार द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शहरवासियों की उपस्थित दर्ज की गई।

स्वास्तिक के आकार में ज्योति प्रज्ज्वलित

गायत्री परिवार के पुजारी राजेश शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वास्तिक के आकार में 175 कलश स्थापना किया गया। नवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रतिदिन पीला और लाल वस्त्रों से माता का श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान फलाहारी का भोग अर्पित की गई। मंदिर के अखंड ज्योति कलश से प्रथम ज्योत के लिए अग्नि ली गई, जिसके माध्यम से अन्य कलशों को प्रज्ज्वलित किया गया। बूढ़ापारा स्थित शीतला देवी मंदिर में 650 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में देर रात तक भजन कीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुति दी गई।

14 केंद्रों में शारीरिक व्यायाम और दंड

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, शंकर नगर के द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव एवं आद्य सरसंघचालक प्रणाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीटीआई मैदान में सुबह 7 बजे आयोजित की गई, जिसमें कुल 165 सदस्य गणवेश में नजर आए। शंकर नगर के प्रमुख संघ चालक प्रमोद दुबे ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर महानगर स्थित 14 केंद्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां सभी ने शारीरिक व्यायाम और दंड का प्रयोग किया। कार्यक्रम में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्मोत्सव भी मनाया गया, जिन्हें संघ द्वारा प्रणाम किया गया।

900 साल पुराना शीतला माता का मंदिर, यहां होती है नौ पिंडों की पूजा

नवरात्रि विशेष

तात्यापारा स्थित माता शीतला देवी मंदिर का इतिहास सौ साल पुराना है, प्राचीन समय में गांव के सदस्यों द्वारा नौ पिंडों के रूप में नव दुर्गा की स्थापना की गई। मान्यता के अनुसार शहर विकास से पूर्व गांव के सदस्यों ने नीम पेड़ के नीचे सरहद सुरक्षा के भाव से नौ पिंडों की स्थापना की। मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार प्राचीन समय में छोटी झोपड़ी के नीचे मां के नौ पिंडों की स्थापना कर, पूजन कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान आस-पास का क्षेत्र जंगल से घिरा हुआ था। मंदिर में नौ पिंड़ो के नजदीक सौ साल पुराना सांग-बाना और नीम का पेड़ मौजूद है, जो मंदिर के प्राचीन होने की सत्यता को दर्शाता है।

ओडिशा के कारीगरों द्वारा मंदिर का नवीनीकरण

40 साल पहले मंदिर में लाल पत्थर से माता शीतला के सौम्य रूप में प्रतिमा का निर्माण किया गया। मान्यता अनुसार जिन घरों में चेचक होता है, उस घर के सदस्य मंदिर से शीतला माता को अर्पित जल और नीम की पत्तियां घर ले जाते हैं। छत्तीसगढ़ी माव्यता अनुसार चेचक को माता शीतला का रूप माना जाता है, जिन्हें 3-5 दिनों तक माता की तरह पूजा जाता है। चैत्र नवरात्रि में इस वर्ष मंदिर परिसर में 162 दीप प्रज्ज्वलित किया गया है। हरिभूमि टीम से चर्चा के दौरान सदस्यों ने बताया कि, नवरात्रि के पश्चात मंदिर का नवीनीकरण कार्य प्रारंभ होगा। जिसमें जयपुर के लाल पत्थरों से मंदिर निर्माण होगा। इस कार्य के लिए ओडिशा के अनुभवी कारीगरों को आमंत्रित किया गया है।

घरों में की गई झूलेलाल की महाआरती

मालवीय रोड जवाहर बाजार में जैसे ही चेट्रीचंड्र पर निकाली गई शोभायात्रा और झांकी पहुंची तो सिंधु एकता संघ द्वारा भक्तों पर पुष्प वर्षा और आतिशबाजी से स्वागत किया गया। सिंधी समाज के परिवारों और झूलेलाल मंदिरों में भी उत्सव की धूम रही। घरों में की गई भगवान झूलेलाल की स्थापना के पांचवें दिन भी भक्तिमय माहौल रहा। साईं लालदासजी की अपील पर आराध्य देव के अवतरण पर सभी परिवारों के द्वारा महाआरती की गई। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, आयोजन के संयोजक रमेश मिरचानी, अध्यक्ष चंद्र कुमार माखीजा के प्रयास और साईं लालदास जी की प्रेरणा से शुरू हुआ यह आयोजन गणेश उत्सव की तरह पांचवें दिन भी मनाया गया। 31 मार्च को मूर्तियों का विर्सजन करने के साथ उत्सव का समापन होगा। शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए भारत चंदवानी, सुरेंद्र जेसरानी, कुमार बोद्यवानी के साथ ही योगेश नानवानी, रिकी जुडानी भी मौजूद थे।

सिंधी गीतों से कलाकारों ने बांधा समां

फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने अपनी प्रस्तुति से होजमालों के मंच पर रंग जमाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सिंधी गीतों पर कलाकारों के साथ ही पुष्पा- 2 कॉपी महेश ने झूकेगा नहीं साला, जैसे कई डायलॉग से ऑर्केस्ट्रा टीम के बीच उत्साह का माहौल बनाने का प्रयास किया। इस बीच युवाओं और युवतियों ने भी आगे बढ़कर उनके साथ अपने मोबाइल में सेल्फी बनाने का प्रयास किया। इसे देखते हुए भाग्यश्री और महेश ने भी लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सहयोग करते हुए लोगों का दिल जीतने का प्रयास किया। स्टेज पर सचिन मेघानी, संजय रहेजा, विक्की लोहाना, राजेश वासवानी, सुनील कुकरेजा, दीपक रामनानी, नितिन कृष्णानी, प्रणीत सुंदरानी, पवन प्रीतवानी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

भगवान झूलेलाल की आस्था से शहर सराबोर, सीएम साय के साथ सांसद और विधायक हुए शामिल

शोभायात्रा में सजी भगवान झूलेलाल की झांकी, भाग्यश्री ने चेट्रीचंड्र में मचाई धूम

'चेट्रीचेड्र उत्सव में इस बार बॉलीवुड स्टार्स ने स्टेज पर धूम मचाई। नायिका भाग्यश्री और पुष्पा-2 कॉपी महेश मोटलानी आकर्षण का केन्द्र रहे। भगवान झूलेलाल की आकर्षक झांकियां जब उनके मंच से होकर गुजरी तो होजमालों सांग गाते हुए लोगों का उत्साह दोगुना किया। इस बीच उनके साथ सेल्फी बनाने के लिए युवाओं में होड़ मची। वहीं, सीएम विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक श्रीचंद सुन्दरानी ने भी समाज के लोगों को चेट्रीचंड्र की बधाई और शुभकामना देते हुए मंच साझा किया।'

रायपुर। होजमालों का सफल आयोजन करने के लिए इस बार भी जयस्तंभ चौक पर मंच पर भाग्यश्री और पुष्पा लुक अल्लू अर्जुन के डुप्लीकेट महेश ने भी लोगों का दिल जीतने का भरसक प्रयास किया। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा होजमालों का आयोजन जयस्तम्भ चौक पर इस बार भी किया गया। रविवार की शाम 6 बजे से आयोजित रंगारंग गीत-संगीत के प्रोग्राम में सिंधी गीतों ने उत्सव का माहौल बनाया। शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के साथ सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ भी मौजूद थे। निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, पार्षद अमर गिदवानी ने भी उत्सव में शिरकत करते हुए समाज के लोगों को चेट्रीचंड्र की बधाई दी।

सुबह 8 से 11 बजे तक लोगों ने की पूजा

लाखेनगर मैदान में शोभायात्रा से पहले सुबह 8 से 11 बजे तक भगवान झूलेलाल की बहराना साहब पूजा-अर्चना करते हुए मूर्ति का दुग्धाभिषेक किया गया। इसके बाद हिंदू विधि विधान से 11 कन्याओं द्वारा गायत्री मंत्र उच्चारण किया गया। वहीं, 11 पंडितों द्वारा शंख ध्वनि के बीच शहर के लोगों ने आयोजन स्थल पर आराध्य देवा की पूजा-अर्चना करते हुए भक्तिमय माहौल में एक-दूसरे को चेट्रीचंड्र के लिए बधाई दी। साथ ही शोभायात्रा का सफल आयोजन करने में शाम से लेकर देर-रात तक सहयोग भी दिया। इसमें भगवान झूलेलाल के प्रसंगों पर आधारित जीवंत झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। जिस रूट से भी झांकियां गुजरी लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

संतों ने शोभायात्रा को दिखाई हरी झंडी

संत युधिष्ठिर लाल, अमां मीरा देवी और पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, चेम्बर अध्यक्ष प्रत्याशी सतीश थौरानी, सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी ने लाखेनगर हिंद स्पोर्टिंग मैदान से निकाली गई भव्य शोभायात्रा को शाम 5 बजे हरी झंडी दिखाई। इस दौरान दिनेश अठवानी, सिंधी महाराज मंडल अध्यक्ष पं.सोनू शर्मा, मुरलीधर उदासीन प्रमुख रूप से मौजूद थे। इनके मार्गदर्शन में बैंडबाजे, आकर्षक झांकी और युवा उत्साह के साथ सभी झांकियां लाखेनगर, पुरानी बस्ती, कंकालीपारा, तात्यापारा, बढ़ईपारा, राठौर चौक, तेलघानी नाका, स्टेशन रोड से होते हुए राठौर चौक का भ्रमण करते हुए आगे बढ़ी। इस बीच कई जगह अलग-अलग संगठन, समाज और व्यापारियों ने स्टेज सजाकर उनका स्वागत किया। एमजी रोड, जयस्तम्भ चौक, कोतवाली से होते हुए शोभायात्रा रात 10 बजे आयोजन स्थल पहुंचने पर समापन किया गया।

पुष्पा 2 कॉपी महेश ने जमाया रंग

समाज लाइव

नवरात्रि से महावीर जन्मकल्याणक तक नहीं देखेंगे मोबाइल में रील

रायपुर। खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी की पावन प्रेरणा से श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में विमल विंग्स की श्राविकाओं ने सौ से ज्यादा बच्चों को जिनपुजन विधि और शान्ति कलश की विधि सिखाई। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर और दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद और महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि आज के भौतिक युग में बच्चों का अधिकांश समय मोबाइल में रील देखने में गुजरता है, लेकिन यह जरूरी है कि बच्चों को सही-गलत की समझ हो। विमल विंग्स की सदस्यों ने बच्चों को मोबाइल का उपयोग सही तरीके से करने की शिक्षा दी और बच्चों ने नवरात्रि के आरंभ से लेकर महावीर जन्मकल्याणक तक मोबाइल में रील न देखने का संकल्प लिया। सौ से अधिक बच्चों को भगवान महावीर स्वामी तीर्थंकर परमात्मा के जन्मकल्याणक के अवसर पर स्नात्र महोत्सव और शांति कलश विधान की जानकारी दी गई और स्नात्र महोत्सव पूर्ण किया गया।

पवित्र श्लोकों का पाठ

जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि के बारे में बताया गया और नवांगी पूजा कराई गई। जैन धर्म में भगवान की प्रतिमा का भक्तों द्वारा सीधे पूजन का विधान है। इस विशेष अवसर पर बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया, जिसमें वर्तिका वर्धमान और वैभव चोपड़ा परिवार को पुरस्कार प्राप्त हुआ। सभी बच्चों ने भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के सामने सामूहिक रूप से भावे भावना भावीए, भावे दीजे दान, भावे जिनवर पूजिए, भावे केवल ज्ञान के पवित्र श्लोकों का पाठ किया, तो मंदिर में अलौकिक वातावरण उत्पन्न हो गया। इस जन्मकल्याणक जीवन निर्माण शिविर में विमल विंग्स की ममता सुराना, आयुषी, ममता तातेड़, आकांक्षा, अंकिता, ममता सांखला, श्वेता और खुशबू जैन ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

तुर्की, बांग्लादेशी अफगानिस्तानी लुक पहली पसंद

अजमेर व हाजी अली दरगाह से आई नमाजी टोपी की मांग अधिक

रायपुर। ईद को लेकर मस्जिद से लेकर घरों में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। चांद दिखने के बाद ईद पर सेवई की खरीदी जमकर होने लगी। चौक-चौराहों पर रंग-बिरंगे सेवई सजाई गई हैं। इसके अलावा बाजार में नमाजी टोपी व नए परिधान के साथ महंगे इत्र की बिक्री अधिक रही। शहर में विभिन्न राज्यों व दरगाह से ईद को लेकर नमाजी टोपी आई हुई है, जो लोगों को खूब पसंद आ रही है।

स्टेशन रोड स्थित एक दुकान के संचालक फरियाद खान ने बताया, लोग देशी व विदेशी लुक वाली टोपी की मांग कर रहे हैं। मुंबई के हाजी अली दरगाह से आई साधारण जरवी टोपी व चांद-तारा डिजाइन की हुई टोपी की बिक्री अधिक है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों के लिए टोपी 100 से 1500 रुपए तक उपलब्ध है। ज्यादातर लोगों ने इत्र और नमाजी टोपी अजमेर से विशेष ऑर्डर पर मंगाए हैं। ईद में कपड़ों के अनुसार बाजार में टोपी की बिक्री हो रही है।

ट्रेंड के अनुसार खरीद रहे टोपी

ईद में नए लुक के लिए युवा वर्ग ट्रेंड के अनुसार बाजार में टोपी की मांग और खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि लोग तुर्की, अफगानिस्तान और बंग्लादेश में पहले जाने वाली टोपी खरीदना चाहते हैं। विदेशी डिजाइन की टोपी की मांग हर ईद में बढ़ जाती है। युवा ज्यादातर काले रंग की टोपी और बुजुर्ग सफेद टोपी को पसंद कर रहे हैं। कलरफुल टोपियां भी सभी को भा रही हैं। इस बार भी बच्चों और युवाओं में सबसे ज्यादा क्रेज देखा जा रहा है। सभी वर्गों के लिए बाजार में टोपी उपलब्ध है। कुछ लोग दर्जी की मदद से स्पेशल टोपी ईद के लिए बनवा रहे हैं।

पठानी सूट पहली पसंद

ईद को लेकर बाजार में सफेद व रंगीन कॉटन कुर्ता रोजेदारों की पहली पसंद बना हुआ है। दर्जियों के पास रंगीन कुर्ता, पठानी सूट, स्टाइलिश कुर्ता, कुर्ता-पायजामा व हाथ से सिले कुर्ते की मांग ज्यादा है। इनके साथ मैच करती हुई टोपियां रोजेदार खरीद रहे हैं।

महाराष्ट्र मंडल में अब कैरम, शतरंज व बैडमिंटन का लुत्फ ले सकेंगे खिलाड़ी

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल के स्पोर्ट्स क्लब का रविवार की देर शाम वरिष्ठ आजीवन सभासद विवेक शेजवलकर ने विभिन्न खेलों में हाथ आजमा कर शुभारंभ किया। मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि स्पोर्ट्स क्लब के माध्यम से युवाओं की मंडल में आवाजाही बढ़ेगी और नियमित भी रहेगी। इससे वे समाज से जुड़ेंगे। यही हमारा उद्देश्य भी है। शेजवलकर के साथ बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ कार्यवाह सुबोध टोले, अजय काले, दिव्यांग बालिका विकास गृह के प्रभारी प्रसन्न निमोणकर ने बैडमिंटन खेलते हुए स्पोर्ट्स क्लब का शुभारंभ किया। तत्पश्चात शेजवाल व काले के साथ निरंजन पंडित, अतुल गद्दे की जोड़ियों ने कैरम बोर्ड के माध्यम से शुभारंभ समारोह को आगे बढ़ाया। स्पोर्ट्स क्लब शुभारंभ के अंतिम पड़ाव पर शेजवलकर ने किशोर कुमार साहू के खिलाफ शतरंज में भी दो- दो हाथ आजमाया।

हर आयु वर्ग को मिलेगा लाभ

स्पोर्ट्स क्लब के प्रमुख अजय पोतदार ने बताया कि यह सुविधा महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासदों एवं उनके नाबालिग बच्चों के लिए है। इस मौके पर उपाध्यक्ष गीता दलाल, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, आध्यात्मिक व योग समिति की समन्वयक आस्था काले, शंकर नगर बाल वाचनालय की प्रभारी रेणुका ठाकरे पुराणिक, सचेतक रविंद्र ठेंगडी समेत बड़ी संख्या में विभिन्न समितियों के पदाधिकारी, महिला केंद्रों की संयेजिकाएं- सह संयोजिकाएं व आजीवन सभासद उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स क्लब का शुभारंभ होने के साथ क्लब की सदस्यता लेने के लिए हर आयु वर्ग के सभासदों में उत्सुकता और तत्परता देखी जा रही है।

जैन ओलंपिक में 150 से ज्यादा बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, प्रभात फेरी से जल बचाव का दिया संदेश

रायपुर। भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक समिति की ओर से 30 मार्च, रविवार को जैन ओलंपिक का आयोजन किया गया। स्पर्धा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

जैन ओलंपिक का आयोजन कोटा स्थित स्टेडियम में किया गया, जिसमें 100, 200 और 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद, जैवलिन थ्रो, तवा फेंक, शतरंज और स्विमिंग के इवेंट्स हुए। इस दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजक समिति के अंकित बाफना ने बताया कि बच्चे केवल क्रिकेट देखते हैं और उन्हें बाकी खेलों का ज्ञान नहीं है, इसलिए कोटा स्थित स्टेडियम में उन्हें एथलेटिक्स के इवेंट्स में भाग लेने प्रोत्साहित किया गया। सकल जैन समाज के डेढ़ सौ से ज्यादा बच्चों ने इवेंट्स में भाग लिया। यह स्पर्धा चार आयु वर्ग में हुई, जिसमें 8 वर्ष से कम 12 वर्ष से कम, 14 वर्ष से कम और 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया।

बच्चों ने सीखा बिजनेस

दादाबाड़ी में किड्सप्रेन्योर बाजार का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों बिजनेस को करीब से देखा। लोगों से डील करना, प्रॉफिट एंड लॉस और स्टॉक मैनेजमेंट के बारे में जाना-सीखा। बच्चों ने परेड के साथ दादाबाड़ी में प्रवेश किया। प्रांगण में 25 स्टाल लगाए गए थे और कुल 75 बच्चों ने इसमें हिस्सा लिया। स्लॉट में बच्चों ने बुक मार्कर, साबुन आदि जैसे सामान बनाकर प्रदर्शनी में रखा। बच्चों ने जैन सिद्धांत के अनुसार व्यापार करने का प्रण लिया। कुछ बच्चों ने अपनी कमाई का कुछ हिस्सा डोनेट करने का फैसला लिया तो कुछ ने अपने शत-प्रतिशत लाभ का हिस्सा दान करने का संकल्प लेकर आज का स्टाल लगाया। साथ ही बच्चों के लिए वर्कशॉप का भी आयोजन हुआ, जिसमें व्यापार के बारीकियों को उन्हें सिखाया गया।

सिटी स्पोर्ट्स

जूडो लीग में जोन स्तरीय खेल के लिए चुनी गईं बालिकाएं

रायपुर। अस्मिता जूडो सिटी लीग प्रतियोगिता बालाजी विद्या मंदिर, रायपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 25 विजेताओं का चयन ज़ोन स्तरीय खेलो इण्डिया महिला लीग के लिए हुआ। प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण विधायक पुरंदर मिश्रा के करकमलों हुआ। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में रायपुर जिला जूड़ो संघ एवँ आंध्रा एसोसिएशन रायपुर द्वारा एक दिवसीय अस्मिता जूडो सिटी लीग 2024-25 प्रतियोगिता (केवल बालिका) 29 मार्च को देवेन्द्र नगर, रायपुर स्थित बालाजी विद्या मंदिर में आयोजित की गई। जिसमे रायपुर ज़िले के 90 खिलाड़ियों और 15 अधिकारियों ने भाग लिया। अस्मिता लीग आयोजन जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष एवँ प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन के मार्फ़त उपरोक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी एवँ महासचिव शम्भू सोनी ने बताया कि यह प्रतियोगिता खेलो इण्डिया और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तत्वावधान में हुई। उन्होंने आगे बताया कि बालिका सशक्तिकरण के लिए केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता के चलते इस जूडो लीग में केवल बालिकाओं के लिए 25 विभिन्न वजन समूहों में आयु वर्ग अनुसार मुकाबले हुए। लीग के आयोजन सचिव जूडो ब्लेक बेल्ट एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी सूरज कुमार वर्मा थे। जिनके कुशल निर्देशन और बालाजी विद्या मन्दिर के सहयोग से प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वही आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी स्वामी ने खिलाड़ियों अधिकारियों हेतु भोजन स्वल्पाहार की व्यवस्था की। अनीस मेमन ने बताया कि लीग का समापन एवँ पुरस्कार वितरण समारोह 29 मार्च शाम 06।30 बजे रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी स्वामी ने की। विशेष अतिथि सेजस माना की प्राचार्य सरोज यादव, आंध्रा एसोसिएशन के उपाध्यक्ष टी श्रीनिवास रेड्डी, कार्यकारिणी सदस्य एल रूबेश राव, अमित नायडू, एम श्रीनिवासन, प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन, अंतरराष्ट्रीय रेफ़री पी किशोर, जूडो एनआईएस कोच जगदीश चौधरी, राष्ट्रीय रेफ़री श्वेता विजय नाग आदि उपस्थित थे।

अस्मिता लीग के पदक विजेताओं को मैडल, प्रमाणपत्र तथा निर्णायक गण, अधिकारी गण को स्मृति चिह्न मुख्य अतिथि विधायक पुरन्दर मिश्रा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के कर कमलों वितरित किया गया।

स्वर्ण पदक विजेता 25 जूडो बालिका खिलाड़ियों को ज़ोन स्तरीय खेलो इण्डिया महिला लीग हेतू चयनित किया गया। चयनित खिलाड़ियों में सब जूनियर वर्ग-सान्वी भोतमांगे (-28किग्रा), कृशा राज (-32 किग्रा), छवि साहू (-36 किग्रा), दिव्यांशी उपाध्याय (-40 किग्रा), डोमिन निषाद (-44 किग्रा), यशिका देवांगन (- 48 किग्रा), चंचल वर्मा (-52 किग्रा), पलक साहू (-57 किग्रा) और डिंपल भोई (+ 57 किग्रा), कैडेट वर्ग में संजना देवांगन (-40 किग्रा), लीशा आचार्या (-44किग्रा), प्रिया गोलदार (-48 किग्रा), सुनिधि भद्रा (-52 किग्रा), नेहा साहू (-63किग्रा) और दीपशिखा तिवारी (+70किग्रा) जूनियर वर्ग में दीक्षा मरीठी (- 44 किग्रा), प्राची उपाध्याय (-48किग्रा), विभूति साहू (-52 किग्रा), आयुषी चंद्राकर (-57 किग्रा), आकांक्षा सिंह (-63 किग्रा) और सौम्या गिरी गोस्वामी (-70 किग्रा) सीनियर वर्ग में अन्नपूर्णा देवांगन (-48किग्रा), खुशी श्रीवास (-52 किग्रा), नेहा साहू (-57 किग्रा) और संजना शुक्ला (-63 किग्रा) शामिल हैं। अस्मिता लीग को सफल बनाने में अनीस मेमन, पी किशोर, श्वेता विजय नाग, सूरज वर्मा, जगदीश चौधरी, कार्तिक स्वामी, यशवन्त ध्रुव, खुशबू सिन्हा, अजय तिवारी, अजय साहू और के हेमन्त कुमार सहित अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

राज्य स्तरीय फुटबॉल में खरोरा विजेता

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे इंस्टिट्यूट बीएमवाय एवं बीएमवाई फुटबॉल के सयुंक्त आयोजन में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन एक मैच मैच खेला गया। कलिंगा बॉयज और खरोरा की बीच हुए मुकाबले में खरोरा की टीम ने 2-1 से इस मैच जीत लिया। मैच के मुख्य अतिथि रेल्वे इंस्टीट्यूट के सचिव बी डी प्रसाद , भीम राव बोदलकर उप मंडल समन्वय मजदूर कांग्रेस, बलाई सील, मंडल समन्वय श्रमिक यूनियन एवं रेल्वे इंस्टिट्यूट वर्किंग कमिटी दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे शामिल थे। प्रतियोगिता की शुरूआत 28 मार्च से हुई। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ। प्रसन्नन आर लोध ,एआरएम भिलाई थे।

शरीर से मिलने वाले संकेत होते हैं गंभीर रोगों की तरफ इशारा

दिल की तकलीफ शुरू होने से पहले शरीर देता है कई तरह के संकेत, इन्हें पहचानकर करवाएं तुरंत उपचार

हृदय रोग वैश्विक स्तर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हैं। आंकड़ों के मुताबिक कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी) हृदय रोग का सबसे आम प्रकार है, जिससे 2024 में 4.75 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। 20 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 20 वयस्कों में से लगभग 1 को (लगभग 5%) इस समस्या का जोखिम हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे लाइफस्टाइल और आहार से संबंधित कई प्रकार की समस्याओं के कारण हृदय रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है। दुर्भाग्यवश कम उम्र के लोग भी इसके शिकार पाए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बहुत से लोग डॉक्टर के पास जाने से डरते हैं, तब तो और भी अधिक जब वह हृदय रोग विशेषज्ञ के पास जाना हो। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर निदान होने से हृदय की संभावित गंभीर समस्याओं के जोखिमों को कम करने और रोगी की जान बचाने में मदद मिल सकती है। डॉक्टर सभी लोगों को सालाना दो बार अपने हृदय की जांच कराने की सलाह देते हैं, भले ही आपको कोई हृदय रोग न हो।



युवाओं में हृदय रोगों की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, युवा लोगों (उम्र 35-64) में हृदय रोगों के मामले बढ़ते हुए रिपोर्ट किए जा रहे हैं। वैसे तो इसके कई कारण हो सकते हैं, जिसमें मोटापे, हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर प्रमुख है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रोपिर्ट के मुताबिक लगभग आधे अमेरिकियों में हृदय रोग के लिए शीर्ष तीन जोखिम कारकों (उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल और धूम्रपान) में से कम से कम एक की दिक्कत है।

डॉक्टर कहते हैं, कुछ स्थितियां हैं जो संकेत देती हैं कि आपके हार्ट में कोई समस्या हो सकती है, जिसको लेकर शीघ्रता से किसी विशेषज्ञ से मिलना चाहिए।

अक्सर फूलती है सांस?



यदि आप अक्सर सांस की तकलीफ का अनुभव करते रहते हैं तो इसे हृदय की समस्या के संकेत के तौर पर देखा जाना चाहिए। इस समस्या को चिकित्सकीय रूप से डिस्पेनिया कहा जाता है। इस तरह की स्थिति को गंभीर माना जाता है जिसमें अधिक देरी न करें और डॉक्टर से मिलें। हृदय से जुड़ी, सांस संबंधी समस्याएं अक्सर घरेलू काम करने और यहां तक कि सीढ़ियां चढ़ने जैसी स्थितियों में काफी बढ़ जाती है।

छाती में दर्द

सीने में दर्द एक प्रमुख संकेतक है कि आपके हृदय में कुछ समस्या हो सकती है। अक्सर सीने में बने रहने वाले दर्द को नजरअंदाज न करें और न ही इसे ओवर-द-काउंटर दवाओं से दबाने की कोशिश न करें। जिन लोगों का कोलेस्ट्रॉल या ब्लड प्रेशर अक्सर बढ़ा हुआ रहता है उनमें हृदय रोगों का खतरा अधिक हो सकता है। ऐसे रोगियों को

अक्सर सांस फूलने, सीने में दर्द की समस्याओं को अनुभव हो सकता है। इस तरह के लक्षणों को हल्के में लेने की गलती नहीं की जानी चाहिए।

क्या आपकी है सेंडेंटरी लाइफस्टाइल?

सेंडेंटरी लाइफस्टाइल या दिन का अधिकतर समय अगर आपका बैठे-बैठे बीत जाता है तो सावधान रहें, ये स्थिति भी हृदय रोगों के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। अधिक समय तक बैठे रहना आपको शारीरिक रूप से निष्क्रिय बना देता है जो हृदय के लिए हानिकारक है। यदि आपकी जीवनशैली निष्क्रिय है, तो आपको नियमित रूप से अपने दिल की जांच करानी चाहिए। इस जोखिम के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करना बहुत आवश्यक है।

टॉयलेट में सेल फोन इस्तेमाल करने की आदत से हो सकते हैं संक्रमण के शिकार

क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो टॉयलेट में बैठने के दौरान फोन की स्क्रीन को स्क्रॉल करते रहते हैं? अगर हां तो यकीन मानिए आप अकेले ऐसे नहीं हैं। जिन लोगों को टॉयलेट में ज्यादा वक्त लगता है वह इस तरह के कई तरीके पहले से अपनाते रहे हैं।

यह बहुत पहले की बात नहीं है जब अमेरिकी बाथरूम में पत्रिकाओं के लेटेस्ट अंक रखे जाने शुरू हो गए थे। इसे समय के उपयोग करना कहें या फिर पेट को साफ करने में अधिक समय लगने की मजबूरी, लेकिन बड़ी संख्या में आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो टॉयलेट में अखबार या फोन लेकर जाते हैं और लंबे समय तक इसका इस्तेमाल करते रहते हैं।

पर क्या आप जानते हैं कि इस एक आदत के कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं? यह कई तरह के संक्रमण के बार-बार होनो और बीमारियों को बढ़ाने वाली आदत हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आप भी ऐसा करते हैं तो अब भी देर नहीं हुई है, तुरंत इस आदत को छोड़ दें।

क्यों हानिकारक है ये आदत?

हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं, टॉयलेट की सीट और वहां

मौजूद चीजें जैसे बाल्टी-मग आदि पर लाखों वायरस-बैक्टीरिया हो सकते हैं। जब आप इनके इस्तेमाल के बाद फोन को छूते हैं तो हाथों के माध्मय से बैक्टीरिया आपको फोन पर चिपक जाते हैं। इसका एक जोखिम यह भी है कि आपका स्मार्टफोन शौच में मौजूद बैक्टीरिया से दूषित हो सकता है। इस तरह के एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने फोन में ई.कोलाई और अन्य माइक्रोबियल की मौजूदगी का पता लगाया। ब्रिटेन के एक शोध अध्ययन में पाया गया कि औसत स्मार्टफोन स्क्रीन पर टॉयलेट सीट से भी ज्यादा बैक्टीरिया हो सकते हैं।

कीटाणुओं का वाहक बन सकता है आपका फोन

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं जो फोन आप टॉयलेट से बाहर लेकर आते हैं उसका अगर परीक्षण किया जाए तो यह कीटाणुओं के घर जैसा दिख सकता है। हम अपने हाथों को तो धो लेते हैं पर फोन को साफ नहीं करते हैं। ऐसे में लंबे समय तक जर्म्स फोन की स्क्रीन पर रह सकते हैं और जब-जब इसपर हाथ लगाते हैं तो उसके माध्यम से ये नाक और मुंह के रास्ते पेट में जा सकते हैं।

इससे कब्ज का भी बढ़ जाता है जोखिम

टॉयलेट में लंबे समय तक फोन के इस्तेमाल के कारण कब्ज होने का खतरा हो सकता है, क्योंकि आपका शरीर बाथरूम में बहुत लंबे और अप्राकृतिक समय तक बैठने का आदी हो जाता है। इसके अलावा, वॉशरूम में आपका 30 मिनट तक बैठने का समय बवासीर का भी खतरा बढ़ा देता है।

इस आदत से कैसे पाएं छुटकारा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं सबसे पहले केवल तब तक ही शौचालय पर बैठना चाहिए जब तक आपकी वास्तविक जरूरत हो। यदि कुछ मिनटों के बाद मल त्याग नहीं होता है, तो जबरदस्ती बैठे रहने का लाभ नहीं है।

जैम बना है बहुत पतला, तो इन हैक्स से कीजिए सुधार

अगर आपने घर पर ही जैम बनाया है और वह काफी पतला बना है तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे कई हैक्स हैं, जो इस जैम को थिक करने में आपकी मदद करेंगे।

करें दोबारा कुक

अगर आपको ऐसा लग रहा है कि आपका जैम बहुत अधिक पतला हो गया है तो ऐसे में उसे थोड़ा थिक करने के लिए दोबारा कुक करना अच्छा विचार हो सकता है। इसके लिए आप जैम को वापस एक बर्तन में डालें और धीमी आंच पर दोबारा पकाएं।

आप चाहें तो इसमें थोड़ा सा नींबू का रस (नींबू के रस को लंबे समय ऐसे करें स्टोर) मिला सकती हैं। आप जैम को तब तक पकाती रहें जब तक कि आपको सही कंसिस्टेंसी ना मिल जाए। इसे रिकुक करते समय बीच-बीच में चलाते रहें, ताकि जैम तली में लगकर जल ना जाए।

कॉर्नस्टार्च का करें इस्तेमाल

कॉर्नस्टार्च किसी भी डिश को बाइंड करने के साथ-साथ एक थिकनिंग एजेंट के रूप में भी काम करता है। आप इसे सिर्फ सॉस या सूप में ही इस्तेमाल नहीं कर सकती हैं, बल्कि जैम को थोड़ा थिक करने के लिए भी इसकी मदद ली जा सकती है।

आपको इसके इस्तेमाल के लिए बस इतना करना है कि आप कॉर्नस्टार्च (कॉर्नस्टार्च के बारे में कितना जानती हैं आप) और पानी को मिक्स करें। अब इस मिश्रण को जैम के हॉट मिश्रण में मिलाएं। इसके बाद, जब आप जैम को उबालते हैं, तो यह आसानी से थिक हो जाता है।

ठंडा होने के लिए दें समय

कभी-कभी ऐसा भी होता है कि जब हम जैम बनाते हैं तो हमें वह पतला लगता है। लेकिन बाद में जब वह ठंडा होकर सेट हो जाता है, तो वह थिक हो जाता है। जैम के ठंडा होने के बाद उसकी कंसिस्टेंसी थोड़ी थिक हो जाती है। इसलिए आपको कुछ करने की जरूरत ही नहीं होती है। इसलिए, अगर जैम थोड़ा ही पतला हो तो उसे कमरे के तापमान पर या रेफ्रिजरेटर में कुछ घंटों के लिए ठंडा होने दें। आप देखेंगी कि वह खुद ब खुद थिक हो गया है।

चिया सीड्स का करें इस्तेमाल

जैम को थिक करने के लिए चिया सीड्स का इस्तेमाल भी किया जाता है। यह आपके जैम को एक नया टेस्ट भी देगा और उसे अधिक हेल्दी बनाएगा। दरअसल, चिया सीड्स में में नेचुरल जिलेटिन फाइबर काफी अधिक मात्रा में पाया जाता है, जो जैम को गाढ़ा करने में मदद कर सकता है।

घर में नकारात्मकता ऊर्जा न रहे इसके लिए जानिए वास्तु उपाय

कई अनजानी बुरी आदतें घर में वास्तु दोष उत्पन्न कर देती हैं। ऐसे में अगर आप अपने जीवन में सुख-समृद्धि चाहते हैं तो अपनी इन आदतों को बदल लीजिए।

सही नींद सही सेहत

अच्छी सेहत पाने के लिए रात को जल्दी सोना और सुबह जल्दी जागने की बात कही गई है।लेकिन देर से सोना और देर से उठना दोनों ही आदतें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं। वैज्ञानिक शोधों से यह स्पष्ट हो चुका है कि जल्दी उठना दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद है इससे दिमाग की कोशिकाएं सक्रिय रहती हैं जिससे दिमाग तेज होता हैं और याददाश्त अच्छी बनी रहती हैं।

छत की सफाई

अधिकांश घरों में छत की सफाई को लेकर लोगों की आदत होती है कि कौन देखता है,पर छत पर कबाड़ पड़ा होने से वास्तुदोष उत्पन्न होता है। यहां किसी भी प्रकार के बांस या लोहे का जंग लगा हुआ सामान या फिर टूटी कुर्सियां इत्यादि फालतू सामान कभी न रखें।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'जेम्स बॉन्ड' के बाद अब 'डंबलडोर' बनाना चाहते हैं ब्रॉसनन, कह दी दिल की बात

हॉलीवुड स्टार पियर्स ब्रॉसनन ने हाल ही में कहा है कि वह हैरी पॉटर सीरीज के मशहूर किरदार डंबलडोर को निभाने में रुचि रखते हैं। एक बातचीत में उन्होंने यह भी

माना कि अगर उन्हें यह रोल ऑफर किया गया तो वह इसे स्वीकार कर लेंगे। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता पियर्स ब्रॉसनन ने हाल ही में यह खुलासा किया है कि उनका हमेशा से सपना रहा है कि वह हैरी पॉटर सीरीज के मशहूर हेडमास्टर डंबलडोर का किरदार निभाएं। 72 साल के हो चुके इस अभिनेता ने कहा कि जैसे-जैसे उनका बालों का रंग सफेद होता जा रहा है वैसे-वैसे जिंदगी के अनुभव उनके चेहरे पर साफ दिखने लगे हैं और अब उनका ध्यान इस महत्वपूर्ण भूमिका पर ज्यादा केंद्रित हो गया है। उन्होंने डेली टेलीग्राफ से बातचीत के दौरान कहा, ₹मेरेबाल सफेद हो गए हैं और जीवन के अनुभव अब मेरे चेहरे और कंधों पर साफ दिखने लगे हैं। ऐसा मेरे परिवार में मजाक किया जाता है कि मैं अब डंबलडोर वाली उम्र में प्रवेश करने वाला हूं। मैं अभी नहीं चाहता कि ऐसा हो, लेकिन अगर मुझसे इस भूमिका को निभाने के लिए पूछा गया तो मैं शायद हां कह दूंगा।₹ पीयर्स ब्रॉसनन ने यह भी कहा कि वह इस रोल के लिए पहले ही तैयार हैं। खासकर अब जब उनका जीवन और अनुभव उनकी उम्र के साथ और परिपक्व हुआ है। उनका कहना है, ₹डंबलडोर का रोल मेरे लिए हमेशा आकर्षक रहा है, खासकर जब से मेरी उम्र बढ़ी है और मेरी पहचान में एक नई परिपक्वता आई है।₹ पियर्स ब्रॉसनन जेम्स बॉन्ड के रूप में चार फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं।

टॉलीवुड

'कांतारा चैप्टर-1' में शामिल होने पर मोहनलाल ने तोड़ी चुप्पी, फिल्म के मेकर्स से की ये मांग

मोहनलाल इन दिनों 'एल2: एम्पुरान' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार लगातार फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं।

इसके साथ ही पिछले कुछ समय से ऐसी चर्चाएं चल रही हैं कि मोहनलाल कंतारा के चैप्टर 1 में नजर आएंगे। इस पर चुप्पी तोड़ते हुए हाल ही में अभिनेता ने होम्बेल फिल्म्स की आगामी फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' में अभिनय करने की अपनी इच्छा साझा की है।

हाल ही में ओटीपी प्ले के साथ एक साक्षात्कार के दौरान अभिनेता से पूछा गया कि क्या वह 'कांतारा' के सीक्वल का हिस्सा हैं? इस पर मोहनलाल ने स्पष्ट किया कि वह अभी तक फिल्म में शामिल नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपना उत्साह व्यक्त किया, विनम्रतापूर्वक फिल्म निर्माताओं से अनुरोध किया कि वे उन्हें फ्रेंचाइजी में संभावित भूमिका के लिए उन पर विचार कर सकते हैं।

मोहनलाल ने कहा, 'कृपया उनसे मुझे कांतारा 2 में लेने के लिए कहें। मुझे कोई रोल दें। मुझे लगता है कि मैं बुरा एक्टर नहीं हूं। मैं 'कांतारा: चैप्टर 1' में कोई किरदार निभाना चाहूंगा। मोहनलाल द्वारा कंतारा सीक्वल में अभिनय करने की इच्छा व्यक्त करने के बाद प्रशंसक अब बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि क्या अभिनेता उनकी अगली फिल्म में अभिनय करेंगे।

'कंतारा: चैप्टर 1' ब्लॉकबस्टर 'कांतारा' की प्रीक्वल है। यह फिल्म अब फिल्मांकन के चरण में है और इसे स्क्रीन पर आने में कुछ समय लगेगा, क्योंकि ऋषभ शेट्टी कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। कन्नड़ अभिनेता अलौकिक शक्तियों वाले नागा साधु की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, मोहनलाल 'एल2: एम्पुरान' में पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ नजर आए हैं।

भोजपुरी

'तेरा मेरा टशन' में समर की फाइट तो लाजवाब लेकिन पवन से तुलना पड़ गई भारी

फिल्म 'तेरा मेरा टशन' का ट्रेलर लॉन्च होते ही दर्शकों में उत्साह पैदा हुआ। इसमें एक्शन, ड्रामा और रोमांस का शानदार मेल है। सोशल मीडिया पर चर्चा जोरों पर है, जबकि

समर सिंह के हीरो लुक पर मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई हैं। भोजपुरी सिनेमा की दुनिया में एक नया धमाका होने जा रहा है। फिल्म 'तेरा मेरा टशन' का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च किया गया है, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। ट्रेलर में भोजपुरी फिल्मों का वो जादू देखने को मिलता है, जिसमें एक्शन, ड्रामा और रोमांस का तड़का लगाया गया है। पहले ही सीन से लेकर आखिरी तक ट्रेलर दर्शकों को बांधे रखता है और फिल्म की कहानी का रोमांचक अंदाज पेश करता है।

'तेरा मेरा टशन' में भोजपुरी के मशहूर सितारों की मौजूदगी इस ट्रेलर को और खास बनाती है। ट्रेलर से साफ है कि फिल्म में एक प्रेम कहानी के साथ-साथ दुश्मनी और एक्शन का जबरदस्त मेल होगा। इसके अलावा, ट्रेलर में दिखाए गए गाने और डांस सीक्वेंस दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर सकते हैं। फिल्म के डायलॉग भी काफी दमदार हैं, जो भोजपुरी सिनेमा के चाहने वालों को सिनेमाघर तक खींच लाने का दम रखते हैं। ट्रेलर के रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर 'तेरा मेरा टशन' की चर्चा जोरों पर है।

डिजाइनर मोचा मूस ने अभी तक बरगंडी को सीज़न के रंग के रूप में नहीं हटाया है। वाइन से प्रेरित यह रंग पिछले कई सीज़न से लोगों के दिमाग में छाया हुआ है। बरगंडी का मतलब एक गहरा, लाल-बैंगनी रंग है, जो फ्रांस के बरगंडी क्षेत्र की वाइन के रंग से प्रेरित है और इसे शाही, ठाठदार और समृद्ध माना जाता है। फ्रांस में फेरागामो, अलेक्जेंडर मैकक्वीन और टोव जैसे ब्रांड इसे बड़ी शान से अपना रहे हैं।

करीब आ रहा है शादी का दिन तो ऐसे रखें अपनी त्वचा का ध्यान, टिप्स आएंगी आपके काम

शादी का दिन हर लड़की के लिए बेहद खास होता है। इसके लिए वो काफी पहले से तैयारी कर लेती हैं। शादी के दिन खूबसूरत दिखने के लिए लड़कियां पार्लर बुकिंग लेती हैं, जहां महीने भर पहले से उनकी त्वचा का ध्यान रखा जाता है। यदि आपके पास पार्लर में स्किन केयर कराने का समय नहीं है तो घर पर ही कुछ टिप्स फॉलो करके अपनी त्वचा का ध्यान रखें। यहां हम आपको होने वाली दुल्हनों के लिए कुछ खास टिप्स देने जा रहे हैं, ताकि आप घर बैठे-बैठे भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकें। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

सीटीएम फॉलो करें

यदि आपकी शादी होने वाली है तो सीटीएम रूटीन फॉलो करना शुरू कर दें। सीटीएम रूटीन फॉलो करने से आपकी त्वचा की डीप क्लींजिंग होती रहेगी, जिससे आपकी त्वचा अंदर तक साफ रहेगी। ये रूटीन आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखने में भी मदद करेगा।

हर्बल फेस पैक आएगा काम

बाजार में मिलने वाले फेस पैक की जगह यदि आप हर्बल फेस पैक अपनी त्वचा पर लगाएंगी तो इससे आपकी त्वचा भी ग्लो करेगी। हर्बल फेस पैक इस्तेमाल करते समय उन्हीं चीजों का इस्तेमाल करें, जो आपको सूट करें। इस पैक में कोई भी ऐसी चीज मिक्स न करें, जो आपकी एलर्जी का कारण बन सके।

हफ्ते में एक बार त्वचा को करें स्क्रब

हफ्ते में कम से कम एक बार अपनी त्वचा को स्क्रब अवश्य करें। स्क्रब करने से त्वचा की डीप क्लींजिंग होती है। इससे डेड स्किन भी हट जाती है। आप चाहें तो आप घर पर ही चीनी और शहद का स्क्रब बना सकती हैं।

सनस्क्रीन है जरूरी

यदि आपकी शादी होने वाली है तो अपने बैग में एक सनस्क्रीन अवश्य रखें। इसका इस्तेमाल हर दो से तीन घंटे में करें। सनस्क्रीन खरीदते समय अपने स्किन टाइप का ध्यान अवश्य रखें। यदि आप गलत सनस्क्रीन इस्तेमाल करेंगी तो इससे आपको लाभ की जगह हानि पहुंचेगी।

सिंपल साड़ी पहनना लगता है बोरिंग तो फॉलो करें ये ट्रेंड, दिखेंगी सबसे अलग

साड़ी एक ऐसा भारतीय परिधान है, जिसे महिलाएं हर कार्यक्रम में पहनना पसंद करती हैं। आज के समय में तो साड़ी को महिलाएं ग्लैमरस अंदाज में भी कैरी करती हैं। यदि आपको भी साड़ी पहनना पसंद है लेकिन आप साधारण तरह से साड़ी पहनते-पहनते बोर हो गई हैं तो यहां हम आपको साड़ी पहनने के अन्य पांच पैटर्न बताने जा रहे हैं।

इन पांच तरह की साड़ी पहनकर चैत्र नवरात्रि के दिन आप अपना खूबसूरत और सादगी भरा अंदाज दिखा सकती हैं। साड़ी को कई तरीकों से पहना जा सकता है। तो चलिए बिना देर किए आपको साड़ी पहनने के पांच नए पैटर्न के बारे में बताते हैं।

सीधे पल्लू की साड़ी

सीधे पल्लु की साड़ी पहनने से आपका लुक और भी सादगी भरा लगता है। नीता अंबानी तक पूजा-पाठ के काम में हमेशा सीधे पल्लु की साड़ी पहनना ही पसंद करती हैं। यदि आपको भी सीधे पल्लु की साड़ी कैरी करना पसंद है तो ये आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

नौवारी साड़ी

महाराष्ट्रियन स्टाइल साड़ी पहनकर आप नवरात्रि में अपना खूबसूरत और अलग अंदाज दिखा सकती हैं। इसके साथ नाक में पारंपरिक नथ पहनें। यदि आपके बाल लंबे हैं तो बालों में जूड़ा बनाकर गजरा लगाएं। गजरा लगाकर आपका अंदाज काफी प्यारा लगेगा। माता रानी की पूजा की बात हो रही है और महिलाएं बंगाली स्टाइल में साड़ी न पहनें, ये तो हो ही नहीं सकता। ऐसे में आप भी चाहें तो बंगाली स्टाइल में साड़ी पहन सकती हैं। ये जरूरी नहीं है कि आप लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ी ही पहनें। आप किसी भी साड़ी को बंगाली स्टाइल में कैरी कर सकती हैं।

इंडो वेस्टर्न लुक लें

इंडो वेस्टर्न साड़ी के साथ भी आपका अंदाज अलग दिखेगा। इसके लिए बाजार में प्री ड्रेप्ड साड़ी आती हैं, जो आपके लुक को काफी हद तक बदल देंगी। इस तरह की साड़ी में आपका लुक काफी अलग दिखेगा।

गर्मियां आते ही होने लगी है दाढ़ी में खुजली तो ये घरेलू उपचार आएंगे काम

गर्मियों का मौसम आते ही हर किसी को अलग-अलग दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कोई सनबर्न और टैनिंग से परेशान है तो वहीं कुछ लोग त्वचा और सिर पर होने वाली खुजली से। सबसे बड़ी परेशानी तो उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो लोग दाढ़ी रखते हैं। दरअसल, गर्मी के मौसम में पुरुषों की दाढ़ी में काफी खुजली होती है, जिसकी वजह से कई बार उन्हें शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है। यदि आप भी उन्हीं लोगों में के एक हैं, तो ये लेख आपकी काफी मदद करने वाला है। यहां हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिसके इस्तेमाल से आप दाढ़ी की खुजली को दूर कर सकते हैं।

अच्छे से सफाई है जरूरी

यदि आप दाढ़ी रखते हैं तो इसकी अच्छी तरह से सफाई करना बेहद जरूरी है। इसके लिए दिन में कम से कम दो बार दाढ़ी को गुनगुने पानी से साफ करें। इससे दाढ़ी पर जमने वाले बैक्टीरिया खत्म हो जाएंगे। दाढ़ी की खुजली दूर करने का ये सबसे आसान तरीका है।

मॉइश्चराइज करें

बाजार में दाढ़ी रखने वाले पुरुषों के लिए अलग से मॉइश्चराइजर आते हैं, जिन्हें दाढ़ी पर भी लगाया जा सकता है। अच्छे से यदि आप अपनी दाढ़ी को मॉइश्चराइज करके रखेंगे तो उसमें खुजली की संभावना कम हो जाएगी, क्योंकि खुजली हमेशा या तो पसीने से आती है या फिर रूखेपन से।

इस्तेमाल करें दाढ़ी का शैंपू

अब तो बाजार में दाढ़ी के हिसाब से शैंपू आते हैं, जिनका इस्तेमाल खासतौर पर दाढ़ी को साफ करने के लिए किया जाता है। ऐसे में यदि आप दाढ़ी रखने के शौकीन हैं, तो इस शैंपू को खरीदकर रख लें और हफ्ते में कम से कम तीन बार इसका इस्तेमाल करें।

ईद के लिए घर पर करा लें फेशियल, चांद सा चमकता रहेगा आपका चेहरा

यदि आप ईद के दिन चांद सा चमकता चेहरा चाहती हैं, लेकिन पार्लर में पैसे खर्च करना नहीं चाहतीं तो घर पर ही फेशियल कर लें। होली के बाद अब लोग ईद के त्योहार का इंतजार कर रहे हैं। ये दिन मुस्लिम धर्म के लोगों के लिए बेहद खास होता है। रमजान के पूरे महीने रोजा रखने के बाद लोग ईद के दिन खुशियां मनाते हैं और एक-दूसरे को बधाई देते हैं। इस दिन हर कोई खूब अच्छे से तैयार भी होता है।

ऐसे में अब जब गर्मी शुरू हो गई है तो चेहरा डल होने लगा है। इसी के चलते ईद पर खूबसूरत दिखने के लिए खासतौर महिलाएं पार्लर के चक्कर लगाने लगी हैं। यदि आप पार्लर नहीं जाना चाहतीं तो हम आपको घर पर ही फेशियल करना बताएंगे, ताकि आपकी त्वचा ईद के दिन चांद सी चमकती रहे।

चेहरे को धोएं: घर पर फेशियल करने के लिए सबसे पहले आपको अपना चेहरा अच्छी तरह से साफ करना चाहिए। इसके लिए अपनी स्किन टाइप के हिसाब के हिसाब के क्लींजर इस्तेमाल करें और चेहरे की डीप क्लींजिंग करें। यदि आप गंदे चेहरे पर ही फेशियल करेंगे

तो इससे आपकी त्वचा न तो सही से साफ होगी, बल्कि इसकी वजह से परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।

स्क्रब करें: चेहरे को साफ करने के बाद बारी आती है स्क्रब की। तो इसके लिए आप किसी घरेलू स्क्रब या फिर बाजार में मिलने वाले स्क्रब का इस्तेमाल करके अपना चेहरा चमकाएं। स्क्रब का इस्तेमाल करने के लिए अपने चेहरे पर स्क्रब लगाएं और फिर हल्के हाथों से मसाज करें। 5-7 मिनट के बाद चेहरे को धो लें।

कार्नर न्यूज

फिल्म और ग्लैमर से जुड़े लोगों की पसंद है 'मेसो बोटोक्स'

'मेसो बोटोक्स' के चलते बढ़ती उम्र में भी जवां दिखने लगते हैं सेलिब्रिटीज़, जानिए इस नई तकनीक को

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिनको देखकर आपके मन में ख्याल आता होगा कि बढ़ती उम्र में भी इनकी त्वचा इतनी चमकदार कैसे है। आपके इस सवाल का जवाब हम इस लेख में देंगे।

: बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिनकी उम्र बढ़ती जा रही है, लेकिन फिर भी उनकी त्वचा एकदम यंग दिखती है। भले ही वो कितना भी कहें कि उनकी यंग त्वचा के पीछे का राज़ अच्छा खान-पान है लेकिन ऐसा नहीं होता। फैबुलस लाइव वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स नाम की सीरीज में मशहूर एक्ट्रेस नीलम कोठारी ने कैमरे पर बोटोक्स ट्रीटमेंट लेते हुए खुद को दिखाया था, और उन्होंने कहा था कि इसमें छिपाने जैसा कुछ भी नहीं है। इसी के बाद से ये साफ हो गया कि अभिनेत्रियां यंग दिखने के लिए बोटॉक्स ट्रीटमेंट लेती हैं। बहुत से लोगों को इस बारे में जानकारी ही नहीं है कि आखिर बोटॉक्स और मेसो बोटॉक्स है क्या?

क्या होता है इसका काम ?

यदि आप मेसो बोटॉक्स कराने का सोच रहे हैं तो पहले ये जान लें कि ये आखिर किस काम आती है। दरअसल, मेसो बोटोक्स एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से बढ़ती उम्र के लक्षणों को छिपाया जाता है।

यानी कि यदि आपके चेहरे पर, आंखों के आस-पास महीन रेखाएं और झुर्रियां हैं तो आप मेसो बोटोक्स की मदद ले सकते हैं। इसका उपयोग रोमछिद्रों के आकार को कम करने, तेल उत्पादन को नियंत्रित करने और चेहरे पर पसीना कम करने के लिए भी किया जाता है।

कैसे करता है काम

मेसो बोटॉक्स में आपके चेहरे के खास हिस्सों पर हाइलूरोनिक एसिड के साथ पतले बोटुलिनम टॉक्सिन की छोटी खुराक का इस्तेमाल किया जाता है। इस ट्रीटमेंट में साधारण की जगह माइक्रो नीडल का इस्तेमाल किया जाता है। आमतौर पर मेसो बोटॉक्स का इस्तेमाल माथे की बारीक झुर्रियां, आंखों के नीचे झुर्रियां, नसोलेबियल फोल्ड, मुंह का दबा हुआ कोण, गर्दन, और हाथ पर झुर्रियां हटाने में



किया जाता है।

कैसे होता है बोटॉक्स से अलग ?

अगर आपको लग रहा है कि बोटोक्स और मेसो बोटोक्स एक जैसे होते हैं, तो ये आपकी गलतफहमी है। दोनों में काफी फर्क है। दरअसल, जिस तरह से बोटोक्स का इंजेक्शन सीधे मांसपेशी में लगाया जाता है, ठीक उससे अलग मेसो बोटोक्स का इंजेक्शन त्वचा की सतह पर लगाया जाता है। मेसो बोटोक्स में बोटुलिनम की मात्रा कम होती है, जबकि बोटोक्स में पर्याप्त मात्रा में बोटुलिनम का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हीं कारणों से मेसो बोटोक्स को बेबी बोटोक्स कहा जाता है।

नुकसान के बारे में भी जान लें

यदि आप मेसो बोटोक्स लेने का प्लान कर रहे हैं तो हमेशा किसी अच्छे स्किन विशेषज्ञ की सलाह लें। वो सबसे पहले पहले आपका स्किन टेस्ट करेंगे, उसके बाद ही इस ट्रीटमेंट की सलाह देंगे।